RNI NO. RAJHIN/2007/21050 वर्ष » 19 अंक » 263 टोंक » रविवार » 28 अप्रैल, 2024 पृष्ठ » 08 मूल्य » 1 रुपए



# दैनिक खबरों की दुनिया

संस्करण टोंक, जयपुर, और मुरैना (मध्य प्रदेश)

Phone : 9414885972, 9829017239 KKDJPR@GMAIL.COM www.khabronkiduniya.com


पीएम मोदी का इण्डिया गठबंधन पर वार कहा- इण्डिया गठबंधन 5 साल में पांच पीएम बनाएगा

# इनका एक ही एजेंडा- सरकार बनाओ, नोट कमाओः पीएम नरेन्द्र मोदी



एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को महाराष्ट्र के कोल्हापुर में एक बार फिर कहा- कांग्रेस की सरकार आई तो वो महिलाओं के सोने-चांदी की जांच करवाएगी और इसे अल्पसंख्यकों में बांट देगी। पीएम ने कहा कि कांग्रेस की सरकार आई तो ये सीएए को खत्म कर देंगे। कश्मीर में धारा 370 को वापस लाएंगे। ये वो लोग हैं जिन्होंने अयोध्या में राम मंदिर बनने का विरोध किया।

इतना ही नहीं तमिलनाडु में इनकी करीबी पार्टी डीएमके के नेता डेंगू और मलेरिया से तुलना कर सनातन धर्म को बदनाम कर रही है। महाराष्ट्र में इन्हें सम्मान के साथ बुलाया जाता है। अब ये फॉर्मूला निकालने में लगे हैं कि एक साल एक पीएम। यानी, पांच साल में पांच प्रधानमंत्री। ये देश कभी सहन करने वाला नहीं है। इनका एक ही एजेंडा है- सरकार बनाओ, नोट कमाओ।

### कांग्रेस धारा 370 बहाल करना चाहती हैः मोदी

जब कांग्रेस और उसके दोस्तों को एहसास हुआ कि वे एनडीए के विकास के ट्रैक रिकॉर्ड का मुकाबला नहीं कर सकते, तो उन्होंने अपनी रणनीति बदल दी। वे राष्ट्रविरोधी एजेंडे और तुष्टीकरण का इस्तेमाल कर रहे हैं। अब, कांग्रेस का एजेंडा है कि वे कश्मीर में धारा 370 को फिर से बहाल करेंगे। ये लोग कह रहे हैं कि इनकी सरकार बनी तो ये लोग सीएए रद्द कर देंगे। क्या ये देश इनको करने देगा। जिन लोगों के तीन अंकों में लोकसभा सीट जीतने के लाले पड़ हो। क्या ये इण्डिया गठबंधन सरकार के दरवाजे तक पहुंच सकते हैं? अब ये फॉर्मूला निकालने में लगे हैं कि एक साल एक पीएम। यानी, पांच साल में पांच प्रधानमंत्री। ये देश कभी सहन करने वाला नहीं है।



### कांग्रेस की करीबी सनातन को डेंगू-मलेरिया कहती है

कांग्रेस की काफी करीबी डीएमके पार्टी डेंगू और मलेरिया से तुलना कर सनातन धर्म को बदनाम कर रही है। जो लोग सनातन धर्म को नष्ट करने की बात करते हैं, उन्हें इण्डिया एलायंस ने महाराष्ट्र में आमंत्रित किया है और उनका यहां स्वागत किया जाता है। इण्डिया एलायंस वोट बैंक की राजनीति में इतना नीचे गिर गया है कि उन्होंने औरंगजेब को मानने वाले लोगों के साथ गठबंधन किया है।



### बीजेपी और एनडीए 2.0 से आगे चल रहे हैं

पीएम ने कहा कोल्हापुर, महाराष्ट्र का फुटबॉल हब है। फुटबॉल यहां के युवाओं में बहुत पॉपुलर है। इसलिए मैं फुटबॉल की भाषा में कहूं तो कल दूसरे चरण का मतदान पूरा होने के बाद बीजेपी और एनडीए 2.0 से आगे चल रहे हैं। कांग्रेस और इंडी अलायंस ने देश विरोधी और नफरत की राजनीति के दो सेल्फ गोल कर लिए हैं इसलिए ये पक्का हो गया है कि फिर एक बार मोदी सरकार।

### कांग्रेस आपकी संपत्ति की जांच करवाएगी

कांग्रेस के शहजादे ने घोषणा की है कि आपकी संपत्ति और महिलाओं के गहने और सोने-चांदी की जांच करवाएंगे। आपकी कमाई को कांग्रेस उन लोगों में बांटेगी... जिसका इस पर पहला हक है, जैसा कि कांग्रेस वाले बताते हैं। तुष्टिकरण के लिए कांग्रेस किसी भी हद तक गिर सकती है।

## हाईकोर्ट बोला- केंद्र सेनाओं में महिलाओं की भागीदारी तय करे

मिलिट्री, नेवी और एयरफोर्स अकादमी में सीडीएस के जरिए एडमिशन दें; 8 हफ्ते में जवाब मांगा





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र से सवाल किया है कि क्या इंडियन आर्म्ड फोर्सेस के इंडियन मिलिट्री एकेडमी, इंडियन नेवल एकेडमी और एयर फोर्स एकेडमी में कॉम्बाइंड डिफेंस एग्जामिनेशन के जरिए महिलाओं को एंट्री मिल सकती है।

हाईकोर्ट ने केंद्र को 8 हफ्ते में जवाब देने को कहा है। कोर्ट ने ये आदेश कुश कालरा नाम के याचिकाकर्ता की याचिका पर दिया। इसमें कालरा ने दिसंबर 2023 को जारी हुए पीएससी के एक नोटिफिकेशन को चैलेंज दिया था। इस नोटिफिकेशन में इंडियन मिलिट्री एकेडमी, इंडियन नेवल एकेडम, एयर फोर्स एकेडमी और ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी में सीडीएस एग्जाम के जरिए रिक्रुटमेंट के लिए एप्लीकेशन मंगाई गई थी।

### हाईकोर्ट बोला- केंद्र 8 हफ्तों में कानून के तहत निर्णय ले

दिल्ली हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस मनमीत पीएस अरोड़ा ने संज्ञान लिया कि इस मामले में याचिकाकर्ता की याचिका अब तक संबंधित अथॉरिटी के पास पेंडिंग पड़ी है। जजों ने कहा कि हम केंद्र को आदेश दे रहे हैं कि वे 8 हफ्तों में कानून के तहत महिलाओं के रिप्रेजेंटेशन को लेकर कोई निर्णय लें। इस आदेश के साथ हम इस याचिका का निपटारा कर रहे हैं।

याचिकाकर्ता ने कहा- महिलाओं को जेंडर के आधार पर एग्जाम से बाहर रखना गलत याचिकाकर्ता ने अपील की थी कि IMA, INA और IAF की तरफ से कराए जाने वाली परीक्षा के नोटिफिकेशन में महिलाओं को उनके जेंडर के आधार पर अनुचित रूप से बाहर रखा गया है। महिलाओं को सिर्फ ओटीए में शॉर्ट सर्विस कमीशन के लिए अप्लाई करने की अनुमति है।

## अंडरपास और पिकअप के बीच युवक की गर्दन फंसने से गई जान

खबरों की दुनिया

**बारां।** राजस्थान के बारां के अंता में अंडरपास और पिकअप में लगी एंगल के बीच गर्दन फंसने से युवक की मौत हो गई। पिकअप के टायरों की हवा निकलाकर युवक के शव को बाहर निकाला गया। हादसा बारां-अंता हाईवे पर दुगारी गांव में हुआ। अंता थानाधिकारी दिग्विजय सिंह गुर्जर ने बताया कि हाईवे पर अंडरपास बना हुआ है। अंडरपास को पार करने के लिए पिकअप जैसे ही अंदर घुसी पीछे खड़े मांगीलाल तंवर की गर्दन पिकअप में लगी एंगल और अंडरपास के बीच फंस गई। वहीं, पीछे बैठे अन्य लोगों के शोर मचाने के बाद ड्राइवर ने पिकअप रोकी लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। हादसे के बाद पिकअप में सवार ड्राइवर समेत सभी लोग मौके से



फरार हो गए। लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पिकअप के टायरों की हवा निकालकर शव को बाहर निकाला। फिलहाल पुलिस ने पिकअप को जब्त कर लिया है।

प्रधानमंत्री मोदी भाषण नहीं बकवास करते हैंः प्रियंका गांधी

# प्रियंका बोलीं- एक अंकल जी दरबार लगाकर ज्ञान दे रहे हैं, कांग्रेस आएगी, मंगलसूत्र चुराएगी, किसी और को दे देगी

एजेंसी

**वलसाड।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने शनिवार को गुजरात के वलसाड में कांग्रेस कैंडिडेट अनंत पटेल के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। प्रियंका ने कहा- प्रधानमंत्री आजकल कह रहे कि कांग्रेस आएगी, आपका मंगलसूत्र चुराएगी और दूसरे को बांट देगी। आप क्या करेंगे...हंसेंगे न। प्रियंका ने कहा- हमारे परिवार से दो-दो प्रधानमंत्री रहे हैं। जब मैं छोटी थी तो इंदिरा दादी और पिता राजीव गांधी के साथ घूमने जाती थी। मैं देखती थी कि उनके संसदीय क्षेत्र के लोग उन्हें काम को लेकर डांट देते थे, लेकिन वो नाराज नहीं होते थे, क्योंकि उनमें अहंकार नहीं था। मोदी को कोई कुछ बोल नहीं सकता। कांग्रेस नेता ने कहा- जिस नेता में अहंकार होता है, उसका पतन निश्चित है। मोदी जी बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, लेकिन उनके पास गरीब जनता के लिए कुछ नहीं है। सरकार के पास जो है, वो अडाणी-अंबानी जैसे करोड़पतियों के लिए है।



प्रियंका ने कहा- इन्होंने हमारे परिवार को कितनी गाली दी। मां, पिता, दादी, दादा, परदादा, भाई, पति किसी को नहीं छोड़ा। कोई बात नहीं, करते रहें। 56 इंच का इनका सीना नहीं है। लोहे के सीने हैं हमारे। करते रहें लेकिन देश के सामने इस तरह के झूठ बोलना, इस स्तर पर आना। हमें कोई परवाह नहीं है।

### प्रधानमंत्री बेतुकी बातें कर रहे...

प्रियंका गांधी ने कहा कि आपने देखा होगा कि शादी में एक अंकल जी होते हैं, वे कोने में बैठ जाते हैं और दरबार लगाते हैं। अंकल जी सबको अपना ज्ञान देते रहते हैं। लोगों को भी लगता है कि अंकल जी कुछ नया लाएंगे। आप कहीं चाय की दुकान, शादी में जाएं और ऐसे ही कोई अंकल जी कहें कि कांग्रेस की सरकार किसी एक्स-रे मशीन से घरों के बक्सों को चेक करेगी या महिलाओं के मंगलसूत्र को एक्स-रे से निकालकर चोरी कर लेगी तो आप क्या कहेंगे। आप यही कहेंगे न कि अंकल जी बड़ी बात कह दी। आप इन बातों पर हंसते हैं न। आप यही कहते हैं न कि अंकल कुछ नया सोचो।

### संविधान बदलना चाहती है भाजपा...

भाजपा लोगों को कमजोर करने और उनके अधिकारों से वंचित करने के लिए संविधान को बदलना चाहती है। इसी संविधान ने हमें सभी अधिकार दिया है। भाजपा लोकतंत्र को कमजोर करना चाहती है। **कांग्रेस नेता ने कहा-** भाजपा ने लोकतंत्र को बचाने वाले संस्थानों को कमजोर किया है। जब हमारी सरकार थी, तो मीडिया हर रोज हमसे सवाल करती थी। किसी ने उन्हें रोका नहीं। जेल में नहीं डाला। आज पूरी मीडिया बिकी हुई है। **प्रियंका ने कहा-** आज जिन-जिन राज्यों में हमारी सरकार है, वहां हमने अपनी सभी गारंटी को पूरा किया है। अगर आप फिर से मोदी सरकार लाएंगे तो आने वाले पांच साल में भी आपके जीवन में कोई बदलाव नहीं आएगा। कोई प्रगति नहीं होगी। आप जहां हैं, वहीं रहेंगे।

## उत्तराखंड के जंगलों में 4 दिन से आग लगी:11 जिलों में 1780 एकड़ जंगल प्रभावित

आर्मी एरिया के करीब पहुंची; सेना के हेलिकॉप्टर लगाए गए

एजेंसी

**देहरादून।** उत्तराखंड के भीमताल से सटे जंगलों में 4 दिन से लगी आग बेकाबू हो चुकी है। सबसे ज्यादा असर गढ़वाल और कुमाऊ मंडल के 11 जिलों में है। नैनीताल से लेकर भीमताल, रानीखेत, अल्मोड़ा सहित पूरे कुमाऊं में जंगल धधक रहे हैं। गढ़वाल मंडल में पौड़ी, रुद्रप्रयाग, चमोली, उत्तरकाशी, टिहरी, देहरादून और कुमाऊ मंडल में नैनीताल, बागेश्वर, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ और चंपावत जिले सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। वन विभाग, फायर ब्रिगेड, पुलिस के साथ-साथ सेना के जवान रेस्क्यू ऑपरेशन में लगे हुए हैं। आर्मी एरिया में आग पहुंचती देख एयरफोर्स के एमआई-17 हेलिकॉप्टर की मदद ली गई। अब तक 720 हेक्टेयर (1780 एकड़) जंगल को नुकसान पहुंचा है।

राजस्थान में चुनाव खत्म

## सीएम सहित प्रदेश अध्यक्ष व अन्य नेताओं को दूसरे राज्यों में मिली प्रचार की जिम्मेदारी

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** राजस्थान की 25 लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल और 26 अप्रैल को दो चरणों में मतदान संपन्न हुए हैं। 19 अप्रैल को मतदान संपन्न होने के बाद 12 सीटों के प्रत्याशी और अन्य नेताओं को दूसरे चरण की 13 लोकसभा सीटों की जिम्मेदारी दी गई। अब 13 लोकसभा सीटों के चुनाव भी 26 अप्रैल को खत्म हो गए हैं तो ऐसे में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी सहित पार्टी पदाधिकारी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और कैबिनेट मंत्रियों सहित विधायक को व अन्य नेताओं को दूसरे राज्यों में चुनाव प्रचार के लिए भेजा जा रहा है।

देश में लोकसभा चुनाव सात चरणों में आयोजित किए जा रहे हैं। पहले दो चरण में राजस्थान के साथ ही कुछ राज्यों की लोकसभा सीटों पर चुनाव हुए हैं। शेष पांच चरणों में कई राज्यों में लोकसभा चुनाव है। ऐसे में राजस्थान के नेताओं को चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी दी गई है। ये सभी नेता चुनाव वाले लोकसभा क्षेत्रों में जनसभा, जनसंवाद, सामाजिक बैठक, सम्मेलन सहित अन्य गतिविधियों के जरिये केंद्रीय की योजनाओं के जरिए पार्टी के वोट

### इसको मिला यहां का जिम्मा

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी कमोबेश सभी राज्यों में जायेंगे, जहां चुनावी सभा के साथ प्रवासी राजस्थानियों के साथ सम्मेलन करेंगे। जोशी का पहला दौरा ओडिशा से शुरू होगा, जबकि केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह को पंजाब, केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी को उत्तर प्रदेश, प्रदेश कैबिनेट मंत्री झाबर सिंह खर्रा को भी उत्तर प्रदेश, चुनाव प्रबंधन समिति के नारायण पंचारिया को तेलंगाना, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी को तेलंगाना, कैबिनेट राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को हैदराबाद और तेलंगाना, जयपुर महापौर सौम्या गुर्जर और बीजेपी प्रदेश महामंत्री श्रवण बागड़ी को भी तेलंगाना, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिला मोर्चा पूजा कपिल को उत्तर प्रदेश और उड़ीसा का जिम्मा दिया है।

# रविंद्र सिंह भाटी हुजूम के साथ पहुंचे बालोतरा, एसपी ऑफिस के बाहर धरने पर बैठे

4 घंटे की गहमा-गहमी के बाद रविंद्र भाटी का धरना समाप्त...

बालोतरा एसपी का आश्वासन | वोटिंग के समय धांधली करने वालों को गिरफ्तार करेगी पुलिस

खबरों की दुनिया

**बालोतरा।** बाड़मेर लोकसभा सीट के निर्दलीय उम्मीदवार भाटी अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ शनिवार दोपहर बाद बालोतरा एसपी ऑफिस के बाहर धरने पर बैठ गए थे। उनकी मांग थी कि लोकसभा चुनाव के मतदान के दौरान बालोतरा में हुई धांधली के मामले में पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। एसपी ऑफिस के बाहर धरने के दौरान भाटी ने प्रशासन पर कई आरोप लगाए। करीब 4 घंटे की गहमागहमी के बाद रविंद्र भाटी का धरना समाप्त हो गया है।

### धरने के बीच रोहित गोदारा ने भाटी को दी धमकी

धरना समाप्त होने के बाद भाटी कुछ निजी काम से जोधपुर जा रहे हैं। भाटी के धरने को लेकर पश्चिमी राजस्थान का सियासी पारा शनिवार को पूरे दिन गरमाया रहा। धरने के बीच ही रविंद्र भाटी को रोहित गोदारा ने जान से मारने की धमकी तक दे डाली। जिसके बाद भाटी समर्थकों ने सुरक्षा की मांग उठानी भी शुरू कर दी।

### बालोतरा एसपी से 4 घंटे तक चली बातचीत के बाद निकला निदान

इधर बालोतरा एसपी कुंदन कंवरिया, एएसपी धर्मेंद्र यादव से 4 घंटे तक चली बातचीत के बाद रविंद्र भाटी ने धरना समाप्त करने की बात कहीं। दरअसल एसपी कुंदन कंवरिया, एएसपी धर्मेंद्र यादव से 4 घण्टे चली वार्ता के बाद विभिन्न मांगों पर सहमति बनी। उसके बाद भाटी ने अपने समर्थकों को सम्बोधित किया।

उन्होंने कहा कि शुक्रवार को हुए घटनाक्रम को लेकर प्रशासन के सामने बात रखी गई, जिसमे नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया गया है। जिनके खिलाफ झूठे मामले दर्ज किये गए है, उनको वापस लेने पर भी पुलिस ने सहमति जताई है।



भाटी ने सभी समर्थकों को शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील की। एसपी कुंदन कंवरिया ने भी बताया कि सौहार्द पूर्वक वार्ता हुई जिसमें इनकी ओर से कुछ एफआईआर दर्ज करवाई गई है जिसको लेकर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है, आमजन से भी अपील है कि चुनाव संम्पन्न हो गए है, आप लोग अफवाहों पर ध्यान नहीं देकर शांति बनाए रखें।

### पुलिस से जवाब मांगने आया हूंः रविंद्र भाटी



भाटी ने यह भी आरोप लगाया कि हमारे मतदाताओं को के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर भी कोई कदम नहीं उठाया गया। पुलिस और प्रशासन दबाव के तहत कार्य कर रह रहा था, मैं पुलिस और प्रशासन से शुक्रवार की घटना का जवाब मांगने आया हूं जब तक कोई जवाब नहीं मिलेगा तब तक हम एसपी कार्यालय के सामने से नहीं हटेंगे चाहे बल्कि पुलिस हमें गिरफ्तार करें। इस दौरान एसपी कार्यालय के सामने बड़ी संख्या में समर्थकों के धरने के बाद दौरान एसपी कार्यालय के बाद बाहर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए , मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस जब्त भी तैनात है। हालांकि अब भाटी के धरना समाप्त होने के बाद बालोतरा पुलिस ने राहत की सांस ली है।

खबरों की दुनिया

## एक नजर

### बोलता बालाजी धाम में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

## 'नंद के आनंद भयो जय कन्हैयालाल की' से गूंज उठा पांडाल

### श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन मनाया श्रीराम व श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

खबरों की दुनिया

**सीकर।** माधव सागर समीप स्थित श्री बोलता बालाजी धाम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में चौथे दिन श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्रीकृष्ण के जन्म लेते ही पूरा पांडाल 'नंद के आनंद भयो जय कन्हैयालाल की' से गूंज उठा। बधाईयां बांटी गई तथा नाच गाकर खुशियां मनाई गई। वसुदेव के सिर पर टोकरी में सजे कान्हा की एक झलक पाने के लिए हर कोई आतुर था। कान्हा के दर्शन के लिए श्री बोलता बालाजी धाम में श्रद्धालुओं का सैलाब ही उमड़ पड़ा। कथा में कल कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन होगा।

इससे पूर्व व्यास पीठ से संत सतपालदास महाराज ने कपिल मुनि के श्राप के कारण भस्म हुए राजा सगर के साठ हजार पुत्रों का उद्धार करने के लिए भगीरथ कड़ी तपस्या से भगवान को प्रसन्न कर गंगा को धरती पर लेकर आए। कथा में आगे महाराजश्री ने कहा जब धरती पापाचार और अधर्म को बोलबाला इतना बढ़ गया कि सभी त्राहि-त्राहि करके भगवान से धरती पर आने की पुकार करने लगे। तब भगवान ने धरती पर आकर दुष्टों का संहार किया। त्रेता युग में भगवान विष्णु ने राजा दशरथ के घर में जन्म लेकर दुष्ट रावण व राक्षसों का संहार किया। वहीं द्वापर युग में भगवान ने देवकी और वसुदेव के पुत्र के रूप में जन्म लेकर श्रीकृष्ण ने अत्याचारी कंस और राक्षसों का वध किया। महाराजश्री ने कहा कि भक्त की पुकार सुनकर प्रभु जरूर आते हैं। कृष्ण जन्मोत्सव एवं नंदोत्सव के दौरान पूरा पांडाल खचाखच भरा हुआ था। कथा में मध्यप्रदेश से आए संत मनु कृष्णम अमरदास, लोहार्गल के अवधेशाचार्य, महंत सुनील तिवाड़ी, नृसिंहलाल शर्मा, पं. अरविंद मिश्रा, प्रो. बीडी सिंधी, भारत न्यूज 24 के राजेंद्र मधुकर, काशीप्रसाद माऊका, महेश शर्मा, विनोद खंडेलवाल, विप्र सेना के सुरेश पारीक, विनोद खंडेलवाल, सांवरमल शर्मा, राजेश माऊका, भवानीसिंह राठौड़, उमेश शर्मा, गौरव शर्मा, संजय शर्मा, टीकमचंद सैन, अभिमन्यु सक्सेना, गुंजन मिश्रा, संदीप माथुर, मुकेश तिवाड़ी, गौरव सैन, अंकित कुमावत, लक्ष्य सैनी, केशव सैनी, संतोष खंडेलवाल, चंदा बहड़, कांता शर्मा, सुनीता शर्मा, सरोज कलावटिया, ज्योति तनवानी, अर्चना पारीक, सविता अग्रवाल, पिंकी तिवाड़ी, सुमित्रा माऊका, मनीषा खंडेलवाल सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## कला महाविद्यालय में एबीवीपी दिया ज्ञापन



खबरों की दुनिया

**सीकर।** राजकीय कला महाविद्यालय कटराथल मे एबीवीपी नें सेकंड सेमेस्टर की कक्षाएं नियमित रूप से लगाने को लेकर प्राचार्य ज्ञापन सौंपा। सत्येन्द्र योगी ने कहा की सेकंड सेमेस्टर की कक्षाओं की समय सारणी जल्द से जल्द ही नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाए ताकि विद्यार्थी अपना नियमित अध्ययन जारी कर सकें।

इस मौके पर कृष्ण सेवदा, हिमांशु पवार, मोहित, पवन, हर्षिता आर्य, पुजा, गोपाल सहित कई छात्र छात्राएँ उपस्थित रहें।

### सीएलसी में जेईई मेंस के परिणाम के बाद प्रेसवार्ता आयोजित की

# सीएलसी संस्थान इस बार प्रगति के हर क्षेत्र में चार गुणा हो रहा है : श्रवण चौधरी







खबरों की दुनिया

**सीकर।** नीट और आईआईटी जेईई प्रवेश परीक्षाओं में देशभर में पहचान बना चुके संस्थान सीएलसी में जेईई मेंस के परिणाम के बाद शनिवार को प्रेसवार्ता आयोजित की गई।

प्रेस वार्ता में सीएलसी निदेशक इंजीनियर श्रवण चौधरी ने बताया की सीएलसी संस्थान इस बार प्रगति के हर क्षेत्र में चार गुणा हो रहा है। अभी हाल ही में जारी जेईई मेंस के परिणाम के बारे में चर्चा करते हुए चौधरी ने बताया की सीएलसी के 8 छात्रों ने 99.5 परसेंटाइल से ज्यादा अंक प्राप्त करते हुए सफलता हासिल की है।

चौधरी ने बताया कि घनेंद्र ने 99.87, मुकुल यादव ने 99.84, प्रशांत मीना ने 99.65, मनीष चौधरी ने 99.58, अशोक स्वामी ने 99.56, धीरज कुमार ने 99.54, युवराज सिंह ने 99.53 और दिया सिंवर ने 99.52 परसेंटाइल प्राप्त करते हुए अपने अभिभावकों और सीएलसी का नाम रोशन किया है। इनमें से घनेंद्र, प्रशांत मीना, धीरज कुमार और दिया सिंवर ने 12वीं कक्षा के साथ ही यह उपलब्धि हासिल की है। इसी प्रकार सीएलसी के 20 छात्रों ने 99 परसेंटाइल से ज्यादा तथा 64 छात्रों ने 98 पर्सेंटाइल से ऊपर प्राप्त किए है एवं सीएलसी क्लासरूम के हर दूसरे छात्र ने जेईई एडवांस्ड के लिए क्वालीफाई किया है जो सीएलसी जेईई विंग की श्रेष्ठता साबित करता है।

चौधरी ने पत्रकारों से वार्ता में बताया कि सीएलसी के 8 छात्र 99.5 पर्सेंटाइल से ऊपर, 20 छात्र 99 पर्सेंटाइल से ऊपर तथा 64 छात्र 98 पर्सेंटाइल से ऊपर है जो पिछले सत्र की तुलना में 4 गुणा है और आंकड़े बयां कर रहे है की सीएलसी का परिणाम 4 गुणा हुआ है।

चौधरी ने आंकड़ों के आधार पर बताया कि 2023 के मुकाबले 2024 में जेईई में सीएलसी का परिणाम चार गुणा हुआ है।

प्रेस वार्ता के दौरान चौधरी ने बताया कि सत्र 2024-25 के लिए नीट, आईआईटी जेईई, ओलंपियाड्स, एनडीए तथा सीबीएसई व आरबीएसई स्कूल के लिए प्रवेश प्रारंभ है तथा प्रत्येक गुरुवार को नए बैचेज शुरू किया जा रहे हैं।

## प्रिंस स्कूल में इंटरनेशनल ओलंपियाड पदक विजेताओं का सम्मान



खबरों की दुनिया

**सीकर।** पालवास रोड़ सीकर स्थित प्रिंस स्कूल में इंटरनेशनल मैथमेटिक्स, कॉमर्स, सोशल स्टडीज व नेशनल साइबर ओलंपियाड सहित विभिन्न इंटरनेशनल ओलंपियाड्स पदक विजेताओं के सम्मान में अवॉर्ड सेरेमनी व मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। प्रिंसिपल एम. आर. अग्रवाल, सीमा राजपुरोहित, एकेडमिक हेड सुरेश सिंघल व फैकल्टी मेंबर्स ने पदक विजेता विद्यार्थियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

प्रिंसिपल एम. आर. अग्रवाल ने कहा कि इस सत्र में विभिन्न इंटरनेशनल ओलंपियाड्स में प्रिंस के विद्यार्थियों ने 7045 मेडल प्राप्त कर महारिकॉर्ड बनाया है। प्रिंस स्कूल में विद्यार्थियों को स्कूलिंग के साथ-साथ एसटीएसई, सीयूईटी, जेट, क्लेट सहित विभिन्न कॉम्पिटिशन एग्जाम्स व ओलंपियाड्स की विशेष तैयारी कराई जाती है। कार्यक्रम में प्रिंस स्कूल के समस्त स्टाफ सदस्य एवं हजारों विद्यार्थी उपस्थित रहे। मंच संचालन प्रकाश भींचर ने किया।

## पुलिस कर्मियों की मौत के बाद उप परिवहन अधिकारी पर गिरी गाज

खबरों की दुनिया

**सीकर।** नीमकाथाना उप परिवहन कार्यालय से परिवहन उप निरीक्षक रॉबिन सिंह को हटाया, नीमकाथाना में ओवरलोड डंपर की टक्कर से 3 पुलिसकर्मियों की हुई थी मौत।

इस इलाके में लगातार संचालित हो रहे थे ओवरलोड वाहन, रॉबिन सिंह की जगह अब प्रमोद चौधरी और राजेंद्र मीणा को लगाया नीमकाथाना, अब जल्द ही बहरोड़ उप परिवहन कार्यालय में भी हो सकती कार्रवाई, क्योंकि नीमकाथाना से निकलने वाले वाहनों का निकास बहरोड़ से है।

## सालासर से सीकर आ रहे युवक से लूट व मारपीट कर दी धमकी

खबरो की दुनिया

**सीकर।** पैदल घर आ रहे युवक के साथ मारपीट और लूट का मामला सामने आया है। बदमशों ने युवक को फोन कर मंदिर के पास बुलाया और लाठियो से पिटाई कर कैश छीनकर भाग गए। धटना सीकर जिले के नेछ्वा थाना क्षेत्र की है।

पुलिस को दी रिपोर्ट मे रामवतार उम्र 30 वर्ष निवासी माधोपुरा सीकर ने बताया कि रामवतार सालासर से पैदल अपने गांव माधोपुरा आ रहा था। युवक जैसे ही जुलियासर के नजदीक पहुंचा तो रवि नामक बदमाश का फोन आया। रवि ने रामावतार को ठाकुरजी के मंदिर के पास जुलियासर मे बुलाया। युवक मंदिर के पास पहुंचा तो वहां पर पहले से ही चार-पांच बदमाश मौजूद थे। बदमाशे ने रामवतार से पैसे मांगे तो रामावतार ने पैसे देने से मना कर दिया। जिसके बाद बदमाशो ने युवक के साथ लाठियों से बेरहमी से पिटाई की।

बदमाशो ने रामवतार की जेब से रखे दस हजार रूपए भी छीन लिए। जिसके बाद बदमाशो ने युवक को जान से मारने की घमकी दी और कहा कि अगर आंइदा यंहा पर दिखा तो जान से मार देगे। जिसके बाद युवक मौका से जान बचाकर भाग गया और बदमशो के खिलाफ लूट व मारपीट का मामला दर्ज करवाया। फिलहाल नेछ्वा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच हेड कॉन्स्टेबल मुकेश कुमार कर रहे है।

## मोबाइल व बाइक चोर गिरफ्तार

खबरों की दुनिया

**सीकर।** पड़ोसी की बाइक और मोबाइल चोरी करने पर युवक को गिरफ्तार किया गया है। मामले के बाद से उसका फोन स्विच ऑफ आ रहा था। आरोपी बाइक बेचने की फिराक मे था। उससे पहले सीकर की गोकुलपुरा पुलिस ने पकड़ लिया। गत 4 अप्रैल को राकेश मूंड निवासी बराल ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि वह 3 अप्रैल को गेंहू की फसल को थ्रेसर से कटवा रहा था। घर पर रखे दो मोबाइल गायब मिले।

राकेश ने अपने पड़ोस मे रहने वाले विनोद मूंड पर शक जताया था जो आदतन अपराधी है। घटना के बाद राकेश ने विनोद की काफी तलाश की लेकिन उसका मोबाइल भी लगातार स्विच ऑफ मिला। पुलिस ने विनोद को संदिग्ध मानते हुए मामले मे तलाश शुरू की। पुलिस को सूचना मिली की आरोपी बाइक को बेचने के लिए सीकर आ रहा है। ऐसे मे गोकुलपुरा पुलिस थानाधिकारी दिलीप सिंह सहित टीम ने आरोपी को एनएच 52 पर कहारो की ढ़ाणी बाजौर के पास चुराई बाइक के साथ पकड़ लिया। आरोपी विनोद मुंड उम्र 31 वर्ष पुत्र हरदेवाराम निवासी बराल सदाराम की ढ़ाणी को गिरफ्तार करने के बाद पुछताछ की। उसने बताया कि 8 अप्रैल को उसने जयपुर रेलवे स्टेशन की पार्किंग से भी एक बाइक चुराई थी। आरोपी की निशानदेही पर उस बाइक को भी जब्त कर लिया गया है। फिलहाल गोकुलपुरा पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बालाजी मंदिर से दानपात्र चोरी

खबरों की दुनिया

**सीकर।** बालाजी मंदिर से दानपात्र चोरी करने का मामला सामने आया है। दानपात्र मे हजारो रूपए का चढ़ावा था। चोर रात को मंदिर से दान पात्र उठाकर ले गए। घटना सीकर जिले के धोद थाना क्षेत्र की है।

पुलिस की दि रिपोर्ट में मंदिर के पुजारी मुन्ना लाल उम्र 45 वर्ष निवासी लोसल ने बताया कि गांव जस्सुपुरा मे नारायण सिंह के खेत मे बालाजी का मंदिर बना हुआ है।

पुजारी देर शाम को मंदिर मे पूजाअर्चना करने के बाद घर चला जाता है। पुजारी सुबह मंदिर आया तो मंदिर मे रखा दान पात्र चोरी हो चुका था। चोर रात को मंदिर से दानपात्र चोरी कर भाग गए। दानपात्र में 86 हजार का चढ़ावा था। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच हेड कॉन्स्टेबल भंवरसिह कर रहे है।

## इक ख्वाहिश फाउंडेशन सीकर निरंतर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में प्रयासरत

खबरों की दुनिया

**सीकर।** इक ख्वाहिश फाउंडेशन पिछले कई वर्षो से कच्ची बस्ती एवं झूग्गी-झोपड़ियो के सैकड़ो बच्चों शिक्षा के साथ-साथ महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने का निरंतर प्रयास कर रही है। इसी के तहत इक ख्वाहिश फाउंडेशन द्वारा आत्मनिर्भर अभियान शुरू किया गया है।



इस अभियान में महिलाओं के स्वयं सहायता समूह बनाए जा रहे हैं एवं महिलाओं को लघु उद्योग करवाने बाबत राशि भी उपलब्ध करवाई जा रही है, जिसके लिए संस्था अपना पूरा प्रयास कर रही है। संस्था अब तक हजारों महिलाओं को रोजगार से जोड़ चुकी है एवं निरंतर प्रयासरत है संस्था की निदेशक डॉ सुनीता चौधरी ने बताया कि संस्था की टीम महिलाओं को स्वयं सहायता समूह में लघु उद्योगों से अवगत करवा रही है एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए घर-घर जाकर समझाहिश कर रही है ताकि महिलाएं घर बैठे रोजगार से जुड़ सके। और संस्था अपने प्रयासों से रोजगार के साधन बढ़ाने का प्रयास कर रही है जिससे महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा फायदा मिल सके।

## 30 जून 2024 तक अनिवार्य रूप से एचएसआरपी नम्बर प्लेट लगवानी होगी

खबरों की दुनिया

**सीकर।** आयुक्त परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग राजस्थान जयपुर के आदेशानुसार एक अप्रेल 2019 से पूर्व पंजीकृत बगैर एचएसआरपी (नम्बर प्लेट) लगाये वाहनो पर एचएसआरपी (नम्बर प्लेट) लगवाने के लिए निर्देशित किया गया है। पी.एल. बामनिया प्रादेशिक परिवहन अधिकारी सीकर ने बताया है एक अप्रेल 2019 से पूर्व पंजीकृत हुये जिन वाहनों पर एचएसआरपी नम्बर प्लेट नहीं लगी है, उनकों 30 जून 2024 तक अनिवार्य रूप से एचएसआरपी नम्बर प्लेट लगवानी होगी। बिना एचएसआरपी नम्बर प्लेट के ऐसे वाहनों के विरूद्ध मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 192 के तहत कड़ी कार्यवाही की जायेगी, जिसके तहत प्रथम अपराध पर 5 हजार रूपये एवं पुनरावर्ती अपराध पर 10 हजार रूपये आर्थिक दंड से दंडित किया जा सकेगा।

ताराचन्द जिला परिवहन अधिकारी सीकर ने बताया कि बिना अति सुरक्षा रजिस्ट्रकरण प्लेट (HSRP) लगे पुराने वाहनों के पंजीयन, नवीनीकरण, हस्तान्तरण, HPN, Assignment, NOC, Change Address, Fitness Renewa इत्यादि वाहन पोर्टल पर किसी प्रकार की सेवायें प्रदान नहीं की जायेंगी। तय समय सीमा के पश्चात बिना एचएसआरपी नम्बर प्लेट लगाये संचालित किये जाने वाले वाहनों पर मोटर वाहन अधिनियम एवं तत्सम्मत नियमों के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी वाहन स्वामी की होगी।

## मनरेगा श्रमिकों का समय प्रातः 6 बजे से दोपहर एक बजे तक

खबरों की दुनिया

**सीकर।** जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी ने बताया कि महात्मा गांधी नरेगा अधिनियम 2005 की अनुसूची के अनुसार मनरेगा श्रमिकों की 8 घण्टे की कार्य अवधि मय 1 घण्टे के विश्राग काल निर्धारित है। राज्य में गर्मी को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा कार्य का समय प्रातः 6 बजे से दोपहर 1 बजे (विश्राम काल रहित) करने का निर्णय लिया गया है। यह व्यवस्था 1 मई से 15 जुलाई 2024 तक प्रभावी रहेगी।

यदि कोई श्रमिक समूह समय से पूर्व निर्धारित टास्क के अनुसार कार्य पूर्ण कर लेता है तो वह कार्य की माप मेट के पास उपलब्ध मस्टररोल में अंकित टास्क प्रपत्र में करवाने के उपरान्त एवं समूह के मुखिया के हस्ताक्षर के उपरान्त कार्य स्थल छोड़ सकता है।

## लक्ष्मणगढ़ व्यापार संघ ने मासिक बंद के लिए समिति का किया गठन

खबरों की दुनिया

**लक्ष्मणगढ़।** लक्ष्मणगढ़ के व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को मासिक बंद रखने के लिए लक्ष्मनगढ व्यापार संघ की ओर से कारगर प्रयास किए जा रहे हैं।

यह जानकारी देते हुए संघ के अध्यक्ष विष्णु भूत ने बताया कि दुकानों को माह के अंतिम दिन व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को बंद रखने लिए संघ की ओर से प्रभावी रूप से क्रियान्वयन करने के लिए मासिक बंद कमेटी का गठन किया गया है। जिसका संयोजक श्रवण ख्यालिया को बनाया गया है। उन्होंने बताया कि कमेटी में दीनदयाल ढाका, शशिकांत नाऊवाला, रामप्रसाद जड़ीया, फारुक पठान, राजकुमार सोनी सुहाग सदन, प्रमोद बोहरा, मोतीलाल खाटूवाला, सुभाष नेहरा, दिनेश खींची, हंसराज वेदी, शाहिद बिसायती, पार्षद विष्णु शर्मा, सचिन झांकल, अरुण सैन को शामिल किया गया है।

## नयाबास स्थित 200 वर्ष प्राचीन शिव मंदिर नवनिर्माण सेवार्थ होने वाले महाजागरण की तैयारिया हुई पूर्ण

### भजन सम्राट पूज्य संतश्री प्रकाश दास महाराज बहायेगे भजनों की रस गंगा

खबरों की दुनिया

**फतेहपुर।** फतेहपुर के गांव नयाबास में 200 वर्ष प्राचीन शिव मंदिर के नव निर्माण सेवार्थ होने वाले महाजागरण का आयोजन आज रात्रि 8 बजे से किया जाएगा। जिसमें भजन सम्राट पूज्य संतश्री प्रकाश दास महाराज अपनी



अमृतवाणी से भजनों की रस गंगा बहाएंगे। इस अवसर पर श्रीबुधगिरि मढ़ी पीठाधीश्वर महंत दिनेशगिरि महाराज, उदासर धाम चूरू के दयानाथ महाराज, शिवधाम गाडोदा के पीठाधीश्वर महावीर जती महाराज, टीडियासर के संत परमेश्वर गिरी महाराज श्रीगंगाजती महाराज का पावन सानिध्य प्राप्त होगा। समस्त नयाबास के ग्राम वासियों द्वारा आज रात्रि 8 बजे से होने वाले इस विशाल महाजागरण में सभी सनातनी एवं धर्मानुरागी बंधुओ से शामिल होने की अपील की है। दिव्य और भव्य होने वाले इस अनूठे आयोजन को लेकर तैयारिया अपने अंतिम चरण में है।

महंत दिनेशगिरि ने विस्तार से बताया कि सीकर रावराजा लक्ष्मणसिंह द्वारा विक्रम संवत 1866 में नयाबास गांव बुधगिरि मढ़ी को जागीर में दिया था उसके उपरांत बुधगिरि महाराज के प्रथम शिष्य जसवंत गिरि महाराज द्वारा विक्रम संवत 1872 में नयाबास में शिव मंदिर का निर्माण करवाया गया था जो वर्तमान में जीर्ण शीर्ण हो गया था जिसका गत 22 जनवरी 2024 राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन को नव निर्माण प्रारम्भ कर दिया गया था उसी शिव मन्दिर के नव निर्माण सेवार्थ आज महाजागरण का आयोजन किया जा रहा है। नयाबास गांव के समस्त नागरिकों का भारी उत्साह इस कार्यक्रम को लेकर बन रहा है गांव के युवाओं का मानना है की हमारा गांव बुधगिरि महाराज को अर्पित है ये हमारे लिए सौभाग्य की बात है और गोभक्त संत दिनेशगिरि महाराज का ये गांव जन्मस्थान है ये हमारे लिए गर्व की बात है ग्राम वासियों का मानना है की शिव मन्दिर नव निर्माण से हमारे गांव का आध्यात्मिक विकास होगा साथ ही युवाओं में सनातन संस्कार स्थापित स्थापित होंगे।

महाजागरण को लेकर गांव के युवाओं द्वारा अलग-अलग समिति बनाकर व्यवस्था संभालने का जिमा सोपा गया है बाहर से आने वाले भक्तों का तिलकार्चन व दुप्पटे से किया जायेगा स्वागत।

महाजागरण के सुचारू व्यवस्था के लिए मीटिंग की गई जिसमे महेश नेहरा गजाधर नेहरा द्वारका प्रसाद मेघवाल सुनील प्रजापत भागीरथ सारण विद्याधर नेहरा सुनील गुर्जर अशोक नेहरा प्रकाश जांगिड़ हरी प्रसाद श्याम प्रसाद मनोज निठारवाल कैलाश प्रताप आदि लोग उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय पोषाहार सहायता कार्यक्रम की जिला स्तरीय समिति की बैठक 29 अप्रेल को

खबरों की दुनिया

**सीकर।** राष्ट्रीय पोषाहार सहायता कार्यक्रम की जिला स्तरीय संचालन एवं समीक्षा समिति की बैठक 29 अप्रेल 2024 को सांय 4 बजे जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार सीकर मे आयोजित की जायेगी। बैठक मे पोषाहार कार्यक्रम की विभागीय एजेन्डानुसार समीक्षा की जायेगी।

## खबरों की दुनिया
### एक नजर

## भगवान परशुराम जयन्ती को लेकर बैठक आज

खबरों की दुनिया

**निवाई।** भगवान परशुराम जयन्ती को लेकर सकल ब्राह्मण समाज की बैठकआज सुबह 10 बजे बडी के मंदिर में आयोजित होगी। पं. रामफूल शर्मा ने बताया कि बैठक में ब्राह्मण समाज की प्रतिभाओं व भामाशाहों के सम्मान व परशुराम जंयती पर विशाल शोभायात्रा के आयोजन को लेकर चर्चा की जाएगी। इसी प्रकार ग्रीष्मकालीन वेद पाठशाला शुरू करने, ब्राह्मण युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग दिलाने, रोजगार के लिए युवाओं को प्रशिक्षण दिलाने व समाज सुधार को लेकर विस्तार से चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा।

## प्रशासन नें ली राहत की सांस

खबरों की दुनिया

**निवाई।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष सम्पन्न होने पर प्रशासन ने भी राहत की सांस ली। लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष सम्पन्न करवाने व मत प्रतिशत बढाने के लिए निर्वाचन अधिकारी व पुलिस अधिकारी पिछले 3-4 माह से लगातार स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से दिन-रात मतदाताओं को जागरूक करके शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया वहीं मतदान अधिकारियों व पुलिस अधिकारियों को लगातार प्रशिक्षणों का आयोजन करके लोकतंत्र की परंपरा की मर्यादा बनाए रखने, स्वतंत्र, निष्पक्ष व निर्भीक हो कर शांतिपूर्ण मतदान करवाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। वही मतदान अधिकारी मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करने, संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों की जानकारी लेने एवं रोशनी की उपलब्धता जानने सहित कई व्यवस्थाओं में जुटे रहे। पुलिस प्रशासन भी अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में फ्लेग मार्च व गश्त करके पूरी तरह चाक चौबंद रहे। चुनाव को लेकर पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्र में रात्रि गश्त बढाने, मादक पदार्थ व अवैध शराब माफियों पर सख्ती बरतने, संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने, मतदाताओं को डराने धमकाने वालों पर विशेष निगाह रखने, चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ तत्काल कानून कार्यवाही करने सहित कई व्यवस्थाओं में जूटे रहे। चुनाव संपन्न होने के साथ ही पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

## अचानक बाडे में लगी आग, झुलसने से सात बकरियों की हुई मौत



खबरों की दुनिया

**निवाई।** शनिवार को गांव ललवाडी की माताजी की ढाणी में अचानक आग लग गई। आग में झुलसने से सात बकरियों की मौत हो गई। माताजी की ढाणी निवासी कन्हैयालाल पुत्र प्रभुलाल रैगर के कच्चे मकान में शनिवार की दोपहर में करीब 2 बजे अचानक भयानक आग लग गई जिससे सात बकरियों की झुलसने से मौत हो गई।

उक्त घटना को लेकर परिवार में कोहराम मच गया। इस दौरान ग्रामीणों ने मिटटी व पानी डालकर आग को बुझाया। घटना की सूचना पर सरपंच मास्टर देवालाल गुर्जर मौके पर पहुंचे और पशु चिकित्सक अविनाश जैन झिलाय व गिरदावर बुद्धिप्रकाश सैनी को सूचना दी। सूचना पर पटवारी व दतवास पुलिस के बीट प्रभारी सुखराम गुर्जर ने मौके पर पहुंचकर अग्निशमन को बुलाकर ग्रामीणों की सहायता से आग पर काबू पाया। सरपंच देवालाल गुर्जर ने बताया कि पीडित परिवार बहुत गरीब है। वह अपनी आजीविका बकरियों से चलाता था।

उक्त घटना को लेकर ग्रामीण छोटूलाल वर्मा, राजेश, प्रभु रैगर, नेनुलाल व गोपीराम सहित कई ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों को सरकार से पीडित परिवार को आर्थिक सहायता दिलवाने की मांग की है।

# यह चुनाव कार्यकर्ताओ व जनता का चुनाव था, मुझे विश्वास है कांग्रेस की जीत होगी : हरिश मीणा

### - कांग्रेस प्रत्याशी हरिश मीणा पहुंचे कांग्रेस कार्यालय, कार्यकर्ताओ के साथ पी चाय

खबरों की दुनिया





**टोंक।** ये चुनाव न पहला चुनाव है न आखिरी चुनाव है यह चुनाव कार्यकर्ताओ व जनता का चुनाव था।कांग्रेस प्रत्याशी हरिश चंद्र मीणा ने शनिवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओ के बीच संवाद किया साथ हीं चाय पी। उन्होंने कहा कि चुनाव कार्यकर्ता व पार्टी लड़ती है प्रत्याशी नहीं, यही कारण है कि इस चुनाव में भी कांग्रेस ने अपनी विचारधारा से चुनाव लड़ा तथा जनता ने कांग्रेस में विश्वास व्यक्त किया। अब जनता का फैसला 4 जून को आएगा, मुझे विश्वास है कांग्रेस की जीत होंगी, क्योंकि यह कांग्रेस का गढ़ है।

कांग्रेस प्रत्याशी हरिश चंद्र मीणा ने सभी कार्यकर्ताओ का धन्यवाद देते हुए कहा कि सभी कांग्रेसजनों ने चुनाव में न तो कोई अपराध किया न ही किसी तरह की अनुशासनहीनता की। बड़े हीं शांतिपूर्वक व शालीनता से चुनाव प्रचार किया तथा वोट डलवाएं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संगठन है मेरा मानना है कि कोई व्यक्ति या चाहे मैं रहू या नहीं रहू लेकिन संगठन है क्योंकि हम सभी कांग्रेस के अनुशासित सिपाही है। मीणा ने कहा कि मेरा काम करने का तरीका पहले जैसा हीं होगा कोई भी कार्यकर्ता व व्यक्ति सीधा मिल सकता है।

कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष रामबिलास चौधरी ने कहा कि कांग्रेस में लोगो ने अपनी आस्था व्यक्त की है वही कार्यकर्ताओ में भी उत्साह था जिसका परिणाम मतगणना में कांग्रेस के पक्ष में हीं आएगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा ने कहा कि न सिर्फ टोंक बल्कि राजस्थान की कई सीटें कांग्रेस जीतेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की गलत नीतियों व साम्प्रदायिकरण की राजनीति से जनता तंग आ चुकी थी।

कांग्रेस प्रत्याशी हरिश चंद्र मीणा ने टोंक कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए विश्वास दिलाया कि वह जनता के विश्वास को आंच नहीं आने देंगे। कांग्रेस प्रत्याशी हरीश मीणा ने सभी कार्यकर्ताओं को चुनाव में की गई उनकी मेहनत के लिए धन्यवाद दिया। टोंक-सवाई माधोपुर लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी हरीश मीणा ने बैठक में मौजूद प्रदेश उपाध्यक्ष रामबिलास चौधरी, जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा सहित अन्य कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को अपने संबोधन में धन्यवाद देते हुए कहा कि जिस मेहनत एवं लगन से आप लोगों ने लोकसभा चुनाव में इस तपती गर्मी में कार्य किया है, इसकी जितनी सराहना की जाए, उतनी कम है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं पदाधिकारी और बूथ लेवल के पदधिकारियों का धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा आप लोगों के सुख-दुख का भागीदार रहूंगा तथा आप लोगों के बीच में उपस्थित रहूंगा।

कांग्रेस प्रत्याशी हरीश मीणा कम हुए मतदान के कारण अपनी जीत के प्रति आश्वस्त नजर आये। बैठक में दिनेश चौरासिया, महावीर तोगड़ा, सलीमुद्दीन खान, इरशाद बेग, किरोडी लाल मीणा, कैलाशी देवी मीणा, पंकज यादव, मनिंदर बैरवा, शंकर चौधरी, प्रदीप माथुर, कमलेश चावला, जेबा खान, एहसान बाबा, सेवादल अध्यक्ष अब्दुल खालिक, उप-सभापति बजरंग लाल वर्मा, पार्षद शब्बीर अहमद, यूसुफ इंजीनियर, ओसाफ खान, सै. मेहमूद शाह आदि लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किये। जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता जर्रार खान ने बताया कि पार्षद मोहम्मद कमर, मोहन मीणा, विक्रम गुर्जर, आतिफ नकवी, जसराम मीणा, जगदीश बैरवा, अ. व. शहज़ाद, फिरोज नागोरी, अब्दुल लतीफ मेव, अरशद चिश्ती, जावेद चिश्ती, पार्षद अशरफ गुज, जगदीश बैरवा, इमरान पहलवान, वीर प्रताप सिंह, रामलाल सेलीवाल, आकाश बैरवा, खलीलउल्लाह बेग, हनुमान यादव, शकील मियां, मोहम्मद शकील खांन राशन डीलर, मोहनलाल चौधरी, अब्दुल वाहिद, शहजाद आबिद, बाबूलाल मीणा, सुभाष मिश्रा, इरशाद सेवा दल, दीपक चंदेल आदि मौजूद थे।

## स्काउट-गाइड ने बूथ पर दिव्यांग व वृद्धजन मतदाताओं को वोट डालने में किया सहयोग

खबरों की दुनिया



**बनेठा।** लोकसभा आम चुनाव में मतदान बूथ पर स्काउट गाइड ने दिव्यांग एवं वृद्ध जन मतदाताओं को सहयोग प्रदान कर मतदान कराया जिससे दिव्यांग व वृद्धजन मतदाता अत्यंत प्रश्न नजर आए और स्काउट गाइड को उनकी सेवाओं के लिए आशीर्वाद प्रदान कर चुनाव आयोग का आभार जताया। गौरतलब है कि लोकसभा आम चुनाव में राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक मतदान बूथ पर दो-दो भारत स्काउट गाइड वॉलंटियर को नियुक्त किया गया।

कस्बे में 6 मतदान केंद्रों पर 12 स्काउट-गाइड वॉलंटियर को नियुक्त किया गया। जिन्होंने मतदान बूथ पर दिव्यांग व वृद्धजन मतदाताओं को सहयोग प्रदान कर वृद्धजन को सहारा प्रदान किया। कहीं-कहीं तो गोदी में उठाकर मतदान कक्ष तक ले जाकर मतदान कराया। कहीं वृद्ध जन मतदाताओं को कंधे का सहारा प्रदान किया व दिव्यांग मतदाताओं को व्हीलचेयर के मतदान कक्ष तक ले जाकर मतदान कराया। जिससे वृद्धजन व दिव्यांग जिला मतदाता काफी प्रसन्न नजर आए तथा उन्होंने स्काउट गाइड विद्यार्थियों को आशीर्वाद प्रदान किया।

दिव्यांग व वृद्धजन मतदाताओं ने स्काउट गाइड की सेवाओं के लिए राज्य निर्वाचन आयोग का आभार भी प्रकट किया।

स्काउट गाइड को प्रोत्साहित करने व उनके कार्यों की जानकारी प्राप्त करने के लिए अनेक बूथों पर जाकर जानकारी प्राप्त कर मतदान दलों ने भी स्काउट-गाइड वॉलंटियर की ओर से की जा रही सेवाओं की सराहना की। कई स्थानों पर दिव्यांग मतदाताओं को घर-घर से लाकर भी स्काउट-गाइड ने मतदान में सहयोग किया।

## मॉडल स्कूल निवाई ने फिर मारी बाजी, पांच छात्रों का जेईई मेंस में हुआ चयन




खबरों की दुनिया

**निवाई।** स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल विद्यालय निवाई के पांच छात्र-छात्राओं का जेईई मेंस में चयन हुआ है। प्रधानाचार्य कुम्भाराम चौधरी ने बताया कि विद्यालय के छात्र मोहम्मद असजद, पुष्कर वर्मा, गोपाल शर्मा, रोहित जांगिड़ तथा छात्रा कृषिका राजवंशी का जेईई मैंस में चयन हुआ है तथा इन छात्र-छात्राओं को जेईई एडवांस के लिए योग्य घोषित किया गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष भी इस विद्यालय की छात्रा अक्षरा जैन तथा सुमित वर्मा का आईआईटी एडवांस में तथा चित्रांश सालोदिया एवं रोहित यादव का नीट में चयन हो चुका है।

विद्यालय परिवार द्वारा छात्रों का तिलक लगाकर व दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर व्याख्याता विकास गुर्जर, अंकिता राजावत, कुंती शर्मा, हनुमानप्रसाद गुर्जर, सोनू सोनी, पूजा चंदेला, सुदेश बाई व मनप्रीत मीना उपस्थित रहे।

## टोंक-सवाई माधोपुर संसदीय क्षेत्र में 56.57 फीसदी हुआ मतदान

### -आठों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 12 लाख 15 हजार 295 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया

खबरों की दुनिया

**टोंक।** लोकसभा आम चुनाव-2024 के दौरान टोंक-सवाई माधोपुर संसदीय क्षेत्र की आठों विधानसभा क्षेत्र जिनमें मालपुरा, निवाई, टोंक, देवली-उनियारा, गंगापुर, बामनवास, सवाई माधोपुर एवं खंडार में शुक्रवार को हुए मतदान के दौरान कुल 21 लाख 48 हजार 128 मतदाताओं में से 12 लाख 15 हजार 295 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। जिनमें 6 लाख 58 हजार 891 पुरुष एवं 5 लाख 56 हजार 397 महिला तथा 7 ट्रांसजेंडर मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जो कुल डाले गये मतदान का 56.57 फीसदी है।

जिला प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले की मालपुरा विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 51 हजार 279 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिनमे 79 हजार 798 पुरुष एवं 71 हजार 481 महिलाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जो कुल डाले वोटों का 55.08 प्रतिशत है। मालपुरा विधानसभा क्षेत्र के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय वार्ड नंबर 20 के मतदान केंद्र संख्या 159 में सर्वाधिक 75.48 फीसदी एवं राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बंबोरी मतदान केंद्र संख्या 108 में सबसे कम 35.38 फीसदी मतदान हुआ।

निवाई विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 51 हजार 923 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। जिनमें 81 हजार 698 पुरुष एवं 70 हजार 225 महिलाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जो कुल डाले गये वोटों का 52.98 प्रतिशत है। निवाई विधानसभा क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अरनिया के मतदान केंद्र संख्या 234 में सर्वाधिक 76.87 फीसदी एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खि?गी के मतदान केंद्र संख्या 267 में सबसे कम 24.15 फीसदी मतदान हुआ।

टोंक विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 58 हजार 252 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। जिनमें 84 हजार 474 पुरुष एवं 73 हजार 775 महिला तथा 3 ट्रांसजेंडर मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जो कुल डाले गये वोटों का 61.04 प्रतिशत है। टोंक विधानसभा क्षेत्र के सोफिया पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय धन्नातलाई के मतदान केंद्र संख्या 157 ए में सर्वाधिक 92.85 फीसदी एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुहाड़ाखुर्द के मतदान केंद्र संख्या 9 में सबसे कम 39.26 फीसदी मतदान हुआ।

देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 80 हजार 17 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। जिनमें 95 हजार 992 पुरुष एवं 84 हजार 24 महिला तथा 1 ट्रांसजेंडर मतदाता ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जो कुल डाले गये वोटों का 59.69 प्रतिशत है। देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रोशनपुरा के मतदान केंद्र संख्या 293 में सर्वाधिक 82.05 फीसदी एवं सार्वजनिक यात्री विश्राम गृह बीसलपुर के मतदान केंद्र संख्या 25 में सबसे कम 26.98 फीसदी मतदान हुआ। इसी प्रकार सवाई माधोपुर जिले की गंगापुर विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 50 हजार 477 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिनमे 82 हजार 666 पुरुष एवं 67 हजार 810 महिला तथा 1 ट्रांसजेंडर ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जो कुल डाले वोटों का 55.88 प्रतिशत है। गंगापुर विधानसभा क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डिबस्या के मतदान केंद्र संख्या 80 में सर्वाधिक 93.18 फीसदी एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चूली के मतदान केंद्र संख्या 183 में सबसे कम 30.62 फीसदी मतदान हुआ।

बामनवास विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 30 हजार 42 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिनमें 71 हजार 794 पुरुष एवं 58 हजार 247 महिला एवं 1 ट्रांसजेंडर ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जो कुल डाले वोटों का 53.03 प्रतिशत है। बामनवास विधानसभा क्षेत्र के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सुखानंद पुरा के मतदान केंद्र संख्या 208 में सर्वाधिक 82.2 फीसदी एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लिवाली के मतदान केंद्र संख्या 158 में सबसे कम 31.53 फीसदी मतदान हुआ।

सवाई माधोपुर विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 45 हजार 205 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिनमें 79 हजार 578 पुरुष एवं 65 हजार 626 महिला एवं 1 ट्रांसजेंडर ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जो कुल डाले वोटों का 55.74 प्रतिशत है। सवाई माधोपुर विधानसभा क्षेत्र के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रईथा कलां के मतदान केंद्र संख्या 103 में सर्वाधिक 79.49 फीसदी एवं महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय खिरनी के मतदान केंद्र संख्या 44 में सबसे कम 37.11 फीसदी मतदान हुआ।

खंडार विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 48 हजार 100 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिनमें 82 हजार 891 पुरुष एवं 65 हजार 209 महिलाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जो कुल डाले वोटों का 59.01 प्रतिशत है। खंडार विधानसभा क्षेत्र के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय औण मीना के मतदान केंद्र संख्या 174 में सर्वाधिक 80.48 फीसदी एवं महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय शिवाड़ के मतदान केंद्र संख्या 5 में सबसे कम 34.94 फीसदी मतदान हुआ।

## हैडिंग-बनेठा उपतहसील क्षेत्र में तेज अंधड़ से गिरे कई पेड़, बिजली पोल टूटने से रातभर बंद रही कई गांवों में बिजली

खबरों की दुनिया





**बनेठा।** उपतहसील मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलो मे शुक्रवार शाम अचानक आये तेज हवाओ के साथ अंधड़ से दर्जनों पेड़ पौधे टूट कर गिर गए वहीं चौथ का बरवाड़ा से बनेठा आ रही 33 केवी विद्युत लाइन में फाल्ट आ जाने एवं बिजली पोल गिरने के कारण कस्बे सहित कई गांवों की बिजली सप्लाई रात भर बंद रही जो शनिवार शाम चार बजे तक भी सुचारू नहीं हो सकी जिसके चलते ग्रामीणों को रात भर अंधेरे में गुजारनी पड़ी। श्रीपुरा गांव में तेज अंधड़ से एक फार्म हाउस पर लगी हुई सौर ऊर्जा की प्लेटें दूर जाकर उड़कर नष्ट हो गई वहीं इसके साथ कुएं पर लगी हुई डीपी पोल सहित गिर जाने से लाखों रुपए का नुकसान हो गया। शुक्रवार शाम को अचानक आए अंधड़ से लोगों की काफी नुकसान हुआ है। इधर मतदान केंद्र पर लगायें गये टेंट फट कर जमीन पर धराशाही हो गए।

श्रीपुरा ग्राम निवासी श्योजी लाल जाट एवं मथुरा लाल जाट ने बताया कि तेज आंधी में शुक्रवार शाम को उनके खेत पर लगी हुई सौर ऊर्जा की प्लेटें खेत में उड़कर दूर जा गिरकर क्षतिग्रस्त हो गई। इधर तेज हवाओं के साथ आए अंधड़ से बिजली लाइन में फाल्ट आ जाने एवं लगभग पचास साठ बिजली पोल डीपी सहित गिर जाने से कई गांवों की बिजली सप्लाई बंद हो गई जिसके चलते बनेठा सहित आसपास के कई गांवों के लोगों को रातभर अंधेरे में गुजारनी पड़ी वहीं शनिवार सुबह श्रीकल्याण महाराज मंदिर मोहल्ला, वार्ड नंबर छह, पूर्व सरपंच हरिराज सिंह का मोहल्ले सहित कई मोहल्लों में जलदाय विभाग द्वारा नलों में पानी सप्लाई नहीं किया गया जिससे ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ा।

### नुकसान का सर्वे करवा रहे हैं

जयपुर विद्युत वितरण निगम के कनिष्ठ अभियंता मोहम्मद आसिफ ने बताया कि शुक्रवार शाम को आए तेज तूफान की वजह से बनेठा, कुडेर, सेदरी केरोद, चौथ का बरवाड़ा एवं अलीगढ़ क्षेत्र में लगभग 60 बिजली पोल क्षतिग्रस्त हो गए हैं वहीं लगभग 10 ट्रांस फार्मर जमीन पर धराशाही हो गए जिससे बनेठा जीएसएस से जुड़े कई गांवों में शुक्रवार रात को बिजली सप्लाई बंद रही जो शनिवार शाम चार बजे तक भी बहाल नहीं हो सकी।

निगम के कर्मचारियों को बिजली सप्लाई दुरुस्त करने के लिए भेजा गया है वहीं बिजली पोल टूटने का कर्मचारियों द्वारा सर्वे शुरू कर दिया गया है। एक-दो दिन में नवीन पोल लगाकर बिजली व्यवस्था सुचारू कर दी जाएगी।

# नशे और पैसे से प्रभावित होते चुनावी नतीजे



संजीव ठाकुर
चिंतक व लेखक

भारत में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद पहले आम चुनाव से लेकर अध्यतन चुनाव में पैसे तथा नशे की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण रही है। वैश्विक स्तर पर भी भी इस महत्वपूर्ण कारक का प्रभाव रहा है। आम चुनाव में लोकसभा,विधानसभा के चुनाव से लेकर स्थानीय चुनाव तक सक्षम चुनाव के उम्मीदवार पैसे और नशे की खेप से मतदाता के बड़े गरीब तपके के मतदाताओं को प्रभावित करते आए हैं। मतदान के ठीक 1 दिन पहले रात्रि में मजदूरों की झुग्गी झोपड़ीयों में बकरा तथा शराब की पार्टियों तथा रूपयों के साथ अन्य आवश्यक सामग्रियों के वितरण द्वारा मतदाता को प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है। शराब तथा पैसों की लगातार आपूर्ति और वितरण मतदाताओं को प्रभावित करने का मापदंड बनता चला आया है। शराब एवं अन्य नशा देश के नौजवानों को मानसिक शारीरिक और आर्थिक रूप से कमजोर करता रहा है तथा चुनाव के समय इस पर प्रभावी नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है इस पर एक राष्टीय कानून तथा संविधान बनाने की बड़ी और प्रभावी आवश्यकता है। आईए एक विश्लेषण में देखते हैं कि नशा किस तरह देश के आर्थिक तथा मानसिक विकास को क्षति पहुंचाता आया है।

देश मे हर तरह के एक सूखे और अन्य नशे से न सिर्फ शारीरिक, मानसिक, सामाजिक संरचना कमजोर होती है, बल्कि परिवार, समाज और देश के आर्थिक तंत्र पर बड़ी चोट लगती हैद्य वैश्विक स्तर पर यह माना जाता है कि विश्व का हर चौथा युवा नशे की गिरफ्त में है और उसकी सांसे नशे के नियंत्रण में ही हैं। भारत युवा शक्ति का देश है और भारत को नशे की गिरफ्त से बचाकर एक ऊर्जावान युवा शक्ति का बड़ा केंद्र बनाना ही हमारी सार्थकता होगी। विश्वव्यापी नशे की व्यापकता को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा ने 7 दिसंबर 1987 को एक प्रस्ताव पारित कर हर वर्ष 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा व मादक पदार्थ निषेध दिवस मनाने का निर्णय लिया था। ये एक तरफ लोगों को नशे के प्रति चेतना फैलाता है ।वहीं दूसरी तरफ नशे की गिरफ्त में आए लोगों के उपचार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम भी उठाता है।

मादक पदार्थों की नशे की लत आज के युवाओं में तेजी से फैल रही है। कई बार फैशन की खातिर दोस्तों के कहने पर लिए गए यह मादक पदार्थ अक्सर युवाओं के लिए जानलेवा साबित होते हैं। युवा तो युवा बच्चे भी फेविकोल,तरल इरेज़र, पेट्रोल की गंध और स्वाद के प्रति आकर्षित होते हैं, और कई बार कम उम्र के बच्चे आयोडेक्स, वोलीनी जैसी दवाओं को सूघकर नशे का आनंद लेते हैं। कुछ मामलों में आयोडेक्स को ब्रेड में लगाकर खाने का नशा भी बच्चों में देखा गया है। और मजाक मजाक में जिज्ञासा बस कोरेक्स, कोडन, अल्प्राजोलम, कैनेबिस जैसी दवाओं को पीकर नशे में झूमते हैं। यह नशीली दवाएं कब बच्चों को तथा गरीब युवाओं को अपने घेरे में ले लेती है पता ही नहीं चलता। तंबाकू, सिगरेट, गांजा, कोकीन, चरस, स्मैक, भांग जैसी नशीली वस्तुओं का आज युवा वर्ग लगातार सेवन कर अपनी जिंदगी से खेलने में लगा हुआ है।

पहले इन लोगों को मादक पदार्थों की मुफ्त में लग लगाकर सबको इसका आदी बनाया जाता है,और फिर ऐसी नशे की लत में युवा तथा बच्चे चोरी, डकैती,पॉकेट मारी, घर के पैसे, रुपए, जेवरात चुराने की हरकतें करने लगते हैं,जो न सिर्फ कानूनी अपराध है बल्कि समाज की बहुत बड़ी विसंगति भी है।

कई बार बच्चे घर के ही बड़े सदस्यों को देखकर यह नशा करने लगते हैं कि जब बड़े कर रहे हैं तो उन्हें भी यह करने में कोई बुराई नजर नहीं आती है। और फिर इनके द्वारा शुरू होता है असामाजिक कार्यों का सिलसिला धीरे-धीरे युवा नशे की लत में अपराध जगत की ओर बढ़ने लगता है। चिकित्सकीय आधार पर देखा जाए तो हीरोइन चरस कोकीन गांजा जैसे मादक पदार्थों के नशे की गिरफ्त में आकर अपना मानसिक संतुलन खो देते हैं, एवं पागल तथा सुसुप्त अवस्था में चले जाते हैं, नशे की लत शरीर को सुस्त कर म्रत्यु की ओर ले जाती है। और नशे की लत में मानसिक संतुलन खोकर व्यक्ति बड़े-बड़े अपराध तक कर बैठता है।, नशे की लत का मामला न सिर्फ स्वास्थ्य से जुड़ा होकर बल्कि अपराध जगत से भी जुड़ा हुआ है। कहा जाता है कि जीवन अनमोल है और इस अनमोल जीवन को नशे की लत में नष्ट कर समय से पहले ही मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं।

संयुक्त राष्ट्र संघ अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाने के साथ-साथ मादक पदार्थों से मुकाबले के लिए विभिन्न देशों द्वारा उठाए गए कदमों तथा इसके मार्ग में उत्पन्न चुनौतियों तथा निवारण का सही सही उपचार भी बताता है। वैसे इतने घातक तथा खतरनाक नशे की लत को केवल 26 जून को नशा निरोधक दिवस बना कर इतिश्री नहीं कर लेना चाहिए, बल्कि इसके विरुद्ध हर देश को एक व्यापक जन अभियान भी चलाना चाहिए।

26 जून का दिन मादक पदार्थों से मुकाबले का प्रतीक बन गया है।और इस दिवस पर मादक पदार्थों के उत्पादन तस्करी तथा सेवन के दुष्परिणामों से बचने के उपायों के बारे में विस्तृत चर्चा भी की जानी चाहिए।

भारत दक्षिण एशियाई देशों के मध्य हीरोइन का बड़ा उपभोक्ता देश बनते जा रहा है। भारत के कई भूभाग पर अफीम की खेती भी की जाती है। पारंपरिक तौर पर किस के बीच पोस्तों से सब्जी बनाकर खाई जाती थी, किंतु कालांतर में इसका उपयोग एक मादक पदार्थ के रूप में आरंभ हुआ जिसने एक बहुत बड़ा खतरनाक रूप ले लिया। एक सर्वेक्षण के अनुसार भारत में 12 से 60 साल की उम्र के लोगों में नशे की लत लगभग 1.6त्न देखी गई है। संयुक्त राष्ट्र संघ की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में जिस अफीम की हीरोइन में तब्दील नहीं किया जाता उसका दो तिहाई हिस्सा 5 बड़े देशों में इस्तेमाल होता है इसमे

ईरान 42प्रतिशत, अफगानिस्तान पाकिस्तान 7प्रतिशत,भारत खुद 6प्रतिशत तथा रूस में इसका 5प्रतिशत उपयोग होता है।

भारत में 2008 में 17 मि,टन हीरोइन की खबत होती थी,और वर्तमान में भारत में अफीम की खपत 65 से 70 मी,टन प्रति वर्ष होने लगी है। यह विश्व में इस्तेमाल होने वाली अफीम का 6 प्रतिशत है। भारत में ही अफीम की 1500 से लेकर 2000 हेक्टेयर में अफीम की अवैध खेती होती है। यह तथ्य वास्तव में देश के लिए और देश के युवा तथा बच्चों के लिए अत्यंत खतरनाक है। इस पर शासन प्रशासन द्वारा कड़ी नजर रख इस पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।

भारत में शराब सेवन करने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है साथ ही मध्य पान के कारण 1500 से दो हजार भारतीय आज शराब के नशे में प्रतिवर्ष मरने भी लगे हैं।

आज की स्थिति में हर 20 व्यक्तियों में से एक व्यक्ति शराबखोर है। पुरुष तो पुरुष महिलाएं भी आज की स्थिति में मध्य पान की ओर आकर्षित हो रही हैं। विशेषकर उच्च तथा मध्यम वर्गीय परिवारों में महिलाएं शराब का सेवन करने लगी है । इसमें से कुछ महिलाएं खुलेआम कुछ छुप-छुपकर इसका सेवन करती हैं। महानगरों में बड़े शहरों की कामकाजी महिलाओं के छात्रावासों तथा हॉस्टल में महिलाओं का शराब का सेवन तेजी से बढ़ते जा रहा है


एक सर्वे के अनुसार करीब 20 से 25 प्रतिशत महिलाएं शराब खोरी की गिरफ्त में आ चुकी हैं। यूरोपियन देशों में महिलाओं की नशाखोरी की आदत का प्रतिशत 60 प्रतिशत से ऊपर है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों की बैठकों सेमिनार तथा मीटिंग में शराब का सेवन एकदम आम बात बन गई है।

यह एक फैशन की तरह महिलाओं के मध्य फैल कर उन्हें नशे की लत में डुबोने लगा है। मनोवैज्ञानिक डॉक्टरों के अनुसार नशा मनुष्य के जीवन के लिए जहर जैसा है, नशे की लत में वैवाहिक जीवन भी टूटने के कगार पर आ जाता है। मनुष्य के शरीर का लीवर, किडनी तथा अन्य अंग खराब होकर मृत्यु की ओर ले जाने को तत्पर रहते हैं। नशे से दूर रखने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तथा राष्ट्रीय स्तर पर भारत में भी अनेक उपाय किए जा रहे हैं।

नशा मुक्ति केंद्र तथा नशे के पदार्थों पर चेतावनी आदि लिखने का काम किया जा रहा है। नशा आज युवाओं को पथभ्रष्ट चरित्रहीन और अपराधी बनाने के पीछे एक बड़ा घातक कारण है। नशे की प्रवृत्ति से बचाने के लिए मनुष्य को नशे से हर हाल में दूर रखना होगा अन्यथा आने वाली पीढ़ी राष्ट्रीय चरित्र राष्ट्रीय सम्मान तथा राष्ट्रीय शक्ति को भूलती जाएगी और नशे की लत में युवा अपने कर्तव्य से परे हो जाएगा। जोकि एक बहुत खतरनाक स्थिति होगी।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग के दिन,सुप्रीम कोर्ट में बैलेट पेपर,वीवीपीएटी शत प्रतिशत मिलान की मांग को झटका लगा,पर फैसले का सम्मान होगा



एडवोकेट
किशन सनमुखदास भावनानी




**बैलेट पेपर से चुनाव कराने व वीवीपीएटी स्लिप की 100 प्रतिशत क्रॉस चेकिंग का चैप्टर दि एंड-सुप्रीम कोर्ट ने सभी याचिकाएं खारिज की**

वैश्विक स्तरपर दुनियां के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में ऐसा भी एक जमाना था जब हम बैलेट पेपर के द्वारा अपना वोट देते थे। यानें अपने मनपसंद उम्मीदवार और उसके चुनाव चिन्ह पर ठप्पा लगाते थे। इस व्यवस्था के दुष्प्रभाव में हमने दूरदर्शन व अन्य चैनलों पर बूथ कैपचरिंग सहित बैलेट पेपरों पर धड़ाधड़ ठप्पे लगाते पेटी में डालते हुए भी चैनलों में देखे थे तथा लाइनों में खड़े मतदाताओं को भगा दिया जाता था यह भी मैंने चैनलों पर स्वयं देख था।

फिर समय का चक्कर ऐसा चला कि प्रौद्योगिकी का तेजी के साथ विकास हुआ तो मतदान में बैलेट पेपर से हटकर ईवीएम मशीनों का उपयोग कर दिया जाने लगा। फिर हमने ईवीएम की गड़बड़ियों के बारे में भी अनेक आरोप प्रत्यारोप मीडिया में देखे व सुने फिर वीवीपीएटी आया, जिसमें हम देख सकते हैं कि वोट हमारे पसंदीदा उम्मीदवार को गया या नहीं, जो मैंने स्वयं ने भी 19 अप्रैल 2024 को मतदान के दौरान यह देखा, फिर इसकी पर्चियों का 100 प्रतिशत क्रॉस वेरिफिकेशन का मुद्दा आया यह सभी मुद्दे विवादों में घिरते हुए सुप्रीम कोर्ट की दहलीज तक जा पहुंचे, जिसमें माननीय सुप्रीम कोर्ट ने संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर सुनवाई पूरी की और फैसला सुरक्षित रखा था, जो दिनांक 26 अप्रैल 2024 को माननीय दो जजों की बेंच ने बैलेट पेपर से चुनाव कराने ववीवीपीएटी स्लिपों की 100 प्रतिशत क्रॉस चेकिंग की याचिका को खारिज़ कर दिया जिसका चैप्टर अब दि एंड हो गया है। चूंकि बैलेट पेपर व एवं वीवीपीएटी पर सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला आज आया है,इसीलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग के दिन सुप्रीम कोर्ट ने बैलेट पेपर व एवं वीवीपीएटी का शतप्रतिशत मिलान की मांग को झटका लगा है,परंतु फैसले का सम्मान सभी पक्ष करेंगे। साथियों बात अगर हम दिनांक 26 अप्रैल 2024 को आए माननीय सुप्रीम कोर्ट के फैसले की करें तो,लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग के बीच शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने वीवीपैट वेरिफिकेशन की मांग को लेकर सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है।बैलेट पेपर की मांग को लेकर दर्ज याचिका भी खारिज कर दी गई है।कोर्ट के इस फैसले से ईवीएम के जरिए डाले गए वोट की वीवीपैट की पर्चियों से शत-प्रतिशत मिलान की मांग को झटका लगा है। एससी ने साफ कर दिया है कि देश में बैलेट पेपर से वोटिंग का दौर वापस नहीं आएगा। यानें मतदान तो ईवीएम से ही होगा, इसके साथ ही वीवीपैट से 100 फीसदी पर्ची मिलान भी नहीं होगा। हालांकि, ईवीएम 45 दिनों तक सुरक्षित रहेगी और अगर नतीजों के बाद 7 दिनों के भीतर शिकायत की जाती है तो जांच कराई जाएगी। एससी ने इस मामले से जुड़ी सभी याचिकाएं खारिज कर दी हैं। माननीय जस्टिसने कहा, हमने सभी याचिकाओं को खारिज किया है। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया है कि चुनाव के बाद सिंबल लोडिंग यूनिटों को भी सील कर सुरक्षित किया जाए। कोर्ट ने निर्देश दिया कि उम्मीदवारों के पास परिणामों की घोषणा के बाद टेक्निकल की एक टीम द्वारा ईवीएम के माइक्रो कंट्रोलर प्रोग्राम की जांच कराने का विकल्प होगा, जिसे चुनाव की घोषणा के 7 दिनों के भीतर किया जा सकेगा।वोटिंग पर्चियों की गिनती पर कोर्ट ने कहा, सिंबल लोडिंग यूनिट्स के पूरा होने पर कंटेनर में सील कर दिया जाएगा, इस पर उम्मीदवारों के हस्ताक्षर होंगे और नतीजे घोषित होने के बाद 45 दिन के लिए स्ट्रॉन्ग रूम में रखा जाएगा।

साथियों बात अगर हम माननीय कोर्ट में चुनाव आयोग द्वारा रखे गए पक्ष की करें तो,चुनाव आयोग के अधिकारी ने कोर्ट को बताया कि एक वोटिंग यूनिट में एक बैलट यूनिट,कंट्रोल यूनिट और एक वीवीपीएटी यूनिट होती है। सभी यूनिट में अपना अपना माइक्रो कंट्रोलर होता है। इन कंट्रोलर से छेड़छाड़ नहीं हो सकती। सभी माइक्रो कंट्रोलर में सिर्फ एक ही बार प्रोग्राम फीड किया जा सकता है। चुनाव चिह्न अपलोड करने के लिए हमारे पास दो मैन्युफैक्चर हैं, एक ईसीआई है और दूसराभारतइलेक्ट्रॉनिक्स। चुनाव आयोग ने बताया कि सभी ईवीएम 45 दिन तक स्ट्रॉन्ग रूम में सुरक्षित रखी जाती हैं। उसके बाद रजिस्ट्रार, इलेक्शन कमीशन से इस बात की पुष्टि की जाती है कि क्या चुनाव को लेकर कोई याचिका तो दायर नहीं हुई है।अगर अर्जी दायर नहीं होती है तो स्ट्रॉन्ग रूम को खोला जाता।

कोई याचिका दायर होने की सूरत में स्ट्रॉन्ग रूम को सीलबन्द रखा जाता है। बुधवार को एससी ने कहा था कि अदालत चुनाव की नियंत्रण अथॉरिटी नहीं हैं।अदालत ने ईवीएम मुद्दे पर दो बार दखल दिया है। बेंच ने याद दिलाया कि सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले वीवीपीएटी पर दो आदेश जारी किए हैं, जो एक स्वतंत्र वोट सत्यापन प्रणाली है और मतदाताओं को यह देखने में सक्षम बनाती है कि उनके वोट सही ढंग से दर्ज किए गए हैं या नहीं. कोर्ट ने कहा, एक आदेश तब पारित किया गया था जब अदालत ने चुनावों के दौरान वीवीपैट के उपयोग का आदेश दिया था और दूसरा आदेश तब पारित किया गया था जब अदालत ने निर्देश दिया था कि वीवीपैट का उपयोग एक से बढ़ाकर पांच बूथों तक किया जाना चाहिए।

अब आप सभी चाहते हैं कि हम मतपत्रों पर वापस जाने के लिए निर्देश जारी करें।बेंच ने कहा, यदि जरूरी हुआ तो वो मौजूदा ईवीएम सिस्टम को मजबूत करने के लिए निर्देश पारित कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने अप्रैल 2019 में चुनाव आयोग से कहा था कि किसी संसदीय क्षेत्र में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में ईवीएम के साथ वीवीपैट की संख्या एक से बढ़ाकर पांच कर दी जाए।

साथियों बात अगर हम इस केस और फैसले के असर को सभी पक्षकारों के नजरिए से समझने की कोशिश करें तो,केस और फैसले के असर को इन सभी पक्षों के नजरिए से समझते हैं

(1) आम आदमी यानी मतदातासुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से आम आदमी की वोट देने की प्रोसेस में कोई बदलाव नहीं होगा। वोटर पोलिंग बूथ जाएगा। अंगुली पर स्याही लगेगी। चुनाव अधिकारी कंट्रोल यूनिट का बटन दबाएगा। वोटर बैलट यूनिट में कैंडिडेट के नाम के सामने का बटन दबाएगा और फिर कुछ सेकेंड तक वीवीपैट की लाइट में अपनी पर्ची देख सकेगा।

(2) राजनीतिक पार्टियां और कैंडिडेट्स,फैसले के बाद राजनीतिक पार्टियां और कैंडिडेट्स के लिए एक रास्ता खुला है। वे ईवीएम की जांच करवा सकेंगे। इसे नीचे दिए पॉइंट्स से समझिए।दूसरे या तीसरे नंबर पर आने वाले किसी कैंडिडेट को शक है तो वह रिजल्ट घोषित होने के 7 दिन के भीतर शिकायत कर सकता है।शिकायत के बाद ईवीएम बनाने वाली कंपनी के इंजीनियर्स इसकी जांच करेंगे।

किसी भी लोकसभा क्षेत्र में शामिल विधानसभा क्षेत्रवार की टोटल ईवीएम में से 5 प्रतिशत मशीनों की जांच हो सकेगी। इन 5 प्रतिशत ईवीएम को शिकायत करने वाला प्रत्याशी या उसका प्रतिनिधि चुनेगा।इस जांच का खर्च कैंडिडेट को ही उठाना होगा। चुनाव आयोग ने बताया-जांच की समय सीमा और खर्च को लेकर जल्द ही जानकारी शेयर की जाएगी।जांच के बाद अगर ये साबित होता है कि ईवीएम से छेड़छाड़ की गई है तो शिकायत करने वाले कैंडिडेट को जांच का पूरा खर्च लौटा दिया जाएगा।

(3)याचिकाकर्ता,उनकी सभी याचिकाएं खारिज हो गईं, लेकिन ईवीएम की जांच के आदेश से थोड़ी राहत मिली। एडीआर के वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कई निर्देश दिए, जिसमें कैंडिडेट्स के लिए शिकायत और फिर जांच की बात भी है। इसके बाद सभी याचिकाएं खारिज कर दी गईं।

(4) चुनाव आयोग,सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को 3 निर्देश दिए हैं।

(1) सिंबल लोडिंग प्रक्रिया के पूरा होने के बाद इस यूनिट को सील कर दिया जाए। सील की गई यूनिट को 45 दिन के लिए स्ट्रॉन्ग रूम में स्टोर किया जाए।

(2) इलेक्ट्रॉनिक मशीन से पेपर स्लिप की गिनती के सुझाव का परीक्षण कीजिए।

(3) यह भी देखिए कि क्या चुनाव निशान के अलावा हर पार्टी के लिए बारकोड भी हो सकता है।

(4) सरकार, सुप्रीम कोर्ट के फैसले में सरकार के लिए कोई निर्देश नहीं है।

साथियों बात अगर हम माननीय कोर्ट द्वारा केस के तह तक जाने के लिए सवालों की करें तो,इससे पहले बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से ईवीएम और वीवीपैट से जुड़े चार सवाल पूछे थे।

(1) कंट्रोल यूनिट या वीवीपैट में क्या माइक्रो कंट्रोलर स्थापित है?

(2) माइक्रो कंट्रोलर क्या एक ही बार प्रोग्राम करने योग्य है?

(3) ईवीएम में सिंबल लोडिंग यूनिट्स कितने उपलब्ध हैं?

(4) चुनाव याचिकाओं की सीमा 30 दिन है और इसलिए ईवीएम में डेटा 45 दिनों के लिए संग्रहीत किया जाता है. लेकिन एक्ट में इसे सुरक्षित रखने की सीमा 45 दिन है। पिछले कुछ वर्षों में चुनाव प्रणाली का हिस्सा रहने वाली इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन विवादों में हैं। इसकी विश्वसनीयता पर उठते सवालों के चलते लगातार चुनावी प्रक्रिया को भी कठघरे में खड़ा किया जाता रहा है लेकिन आज देश की सर्वोच्च अदालत ने ईवीएम विवाद पर ऐतिहासिक फैसला सुनाया और वीवीपैट के ईवीएम से 100 फीसदी मिलान की मांग को खारिज कर दिया है।एक तरफ जहां सुप्रीम कोर्ट ने 100 प्रतिशत ईवीएम वीवीपैट मिलान की याचिका खारिज की,तो दूसरी ओर बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग भी खारिज कर दिया है। कोर्ट ने इस ऐतिहासिक फैसले में चुनाव आयोग को भी कुछ सख्त आदेश दिए हैं और चुनाव सुधार को लेकरबयान दिया है।

साथियों बात अगर हम माननीय कोर्ट के दो महत्वपूर्ण निर्देशों की करें तो,पहला निर्देश यह है कि सिंबल लोडिंग प्रोसेस पूरी होने के बाद सिंबल लोडिंग यूनिट को सील किया जाना चाहिए और इसे 45 दिन तक सुरक्षित रखा जाना चाहिए,नतीजे में दूसरे और तीसरे नंबर पर आए उम्मीदवार चाहें तो परिणाम आने के सात दिन के भीतर दोबारा जांच की मांग कर सकते हैं,ऐसी स्थिति मेंइंजीनियरों की एक टीम द्वारा माइक्रो कंट्रोलर की मेमोरी की जांच की जाएगी जस्टिस महोदय ने कहा कि वीवीपैट वेरिफिकेशन का खर्चा उम्मीदवारों को खुद ही उठाना पड़ेगा यदि ईवीएम में गड़बड़ी पाई जाती है तो खर्च वापस कर दिया जाएगा। जस्टिस महोदय का कहना था कि किसी सिस्टम पर आंख मूंदकर संदेह करना ठीक नहीं हैलोकतंत्र, सभी स्तंभों के बीच सद्भाव और विश्वास बनाए रखने के बारे में है. विश्वास और सहयोग की संस्कृति को बढ़ावा देकर हम अपने लोकतंत्र की आवाज को मजबूत कर सकते हैं।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि बैलेट पेपर व वीवीपीएटी पर सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला।

बैलेट पेपर से चुनाव कराने व वीवीपीएटी स्लिप की 100 प्रतिशत क्रॉस चेकिंग का चैप्टर दि एंड-सुप्रीम कोर्ट ने सभी याचिकाएं खारिज की।लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग के दिन,सुप्रीम कोर्ट में बैलेट पेपर वीवीपीएटी शत प्रतिशत मिलन की मांग को झटका लगा,पर फैसले का सम्मान होगा।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## टीएमयू नर्सिंग एल्युमिनाई ने साझा किए अनुभव



खबरों की दुनिया

नेशनल हार्ट इंस्टीट्यूट, नई दिल्ली में नर्सिंग सर्विसेज के टीम लीडर मानस जैन ने टीएमयू का हिस्सा होने पर गर्व महसूस करते हुए नर्सिंग क्षेत्र में नौकरी और कैरियर के अवसर भी साझा किए। उन्होंने नर्सिंग स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र में विभिन्न अवसरों के बारे में भी विस्तार से चर्चा की। नर्सिंग विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए श्री जैन ने अपने व्याख्यान में नर्सिंग क्षेत्र में बेसिक लाइफ सपोर्ट और इसके दायरे, महत्व और दायरे के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने टीएमयू के नर्सिंग कॉलेज में सिमुलेशन लैब में छात्रों को बुनियादी जीवन समर्थन तकनीकों का भी प्रदर्शन किया। श्री मानस जैन तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के एलयुमिनाई रिलेशन सेल-एआरसी के तहत कॉलेज ऑफ नर्सिंग में आयोजित एल्युमिनाई टाक में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। अंत में श्री मानस जैन ने कुलाधिपति श्री सुरेश जैन से शिष्टाचार भेट की और उनका आशीर्वाद भी प्राप्त किया।

इससे पहले श्री मानस जैन ने बतौर मुख्य अतिथि, नर्सिंग कॉलेज की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, वाइस प्रिंसिपल प्रो. जसलीन एम., एआरसी के ज्वाइंट रजिस्ट्रार प्रो. निखिल रस्तोगी आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके एल्युमिनाई टाक का शुभारम्भ किया। मानस ने छात्रों को अध्ययन के लिए प्रेरित किया और उन्हें सरकारी नौकरी के लिए विभिन्न प्रतियोगी पुस्तकों का संदर्भ लेने की सलाह दी। उन्होंने छात्रों को विदेशों में नर्सिंग की नौकरी पाने के लिए आईएलईटीएस, ओईटी आदि परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने के टिप्स भी दिए। उन्होंने छात्रों से कहा कि यदि वे अच्छी पढ़ाई करेंगे तो निश्चित रूप से उन्हें सरकारी नौकरियों के संग-संग विभिन्न देशों में जाने का मौका मिलेगा। एआरसी के ज्वाइंट रजिस्ट्रार प्रो. निखिल रस्तोगी ने मोटिवेशन स्पीच से छात्रों को प्रोत्साहित किया। पूर्व छात्र समन्वयक प्रो. रामनिवास और श्री गौरव कुमार ने कहा, इस प्रकार के आयोजन हर क्षेत्र में नर्सिंग के व्यापक दायरे के लिए प्रेरणा और अभिविन्यास बढ़ाने के लिए आवश्यक है।

## वाहन स्वामी अपने वाहन में अति सुरक्षा रजिस्ट्रीकरण प्लेट 30 जून तक लगवाएं : सतीश कुमार

खबरों की दुनिया

**अलवर।** ऐसे वाहन जो 1 अप्रैल 2019 से पूर्व पंजीकृत हैं और अति सुरक्षा रजिस्ट्रीकरण प्लेट (एचएसआरपी) लगे हुए नहीं है के वाहन स्वामी अविल ब निर्धारित प्रक्रिया का पालन कर अपने वाहन पर 30 जून तक अति सुरक्षा प्लेट लगवाएं।

प्रादेशिक परिवहन अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि भारत सरकार के सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना एवं परिवहन एवं सडक विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार 1 अप्रैल 2019 के पूर्व विनिर्मित वाहनों पर तीसरे रजिस्ट्रेशन चिह्न सहित अति सुरक्षा रजिस्ट्रीकरण प्लेट (एचएसआरपी) लगाये जाने हेतु वाहन विनिर्माता एवं उनके द्वारा अधिकृत डीलर्स को प्राधिकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने हेतु विभाग द्वारा ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया है, जिसमें वाहन स्वामी द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार डीलर को ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने पर अधिकृत डीलर द्वारा वाहन पर अति सुरक्षा रजिस्ट्रीकरण प्लेट (एचएसआरपी) लगाए जाने की कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने बताया कि ऐसे में वाहन स्वामी 1 अप्रैल 2019 के पूर्व विनिर्मित वाहनों पर तीसरे रस्ट्रिेशन चिह्न सहित अति सुरक्षा रजिस्ट्रीकरण प्लेट (एचएसआरपी) 30 जून 2024 तक लगवाएं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् बिना अति सुरक्षा रजिस्ट्रीकरण प्लेट संचालित पाये जाने वाले वाहनों के विरूद्ध मोटर अधिनियम 1988 की धारा 192 के तहत प्रथम अपराध पर 5 हजार रूपये जुमार्ना एवं अनुवर्ती अपराध पर 10 हजार रूपये के दंड से दंडित किया जाएगा।

## नेता प्रतिपक्ष जूली आज करेंगे विभिन्न गांवों में शिरकत



खबरों की दुनिया

**अलवर।** नेता प्रतिपक्ष एवं अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली 28 अप्रैल रविवार को ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवो में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम अनुसार जूली प्रातः 10 बजे माचड़ी, प्रातः साढ़े 10 बजे अकबरपुर, प्रातः 11 बजे महुआ खुर्द, दोपहर 12 बजे कारोली, सांय 4 बजे जाट बहरोड, सांय साढ़े 5 बजे कारोली टपूकड़ा, सांय 6 बजे थडा भिवाड़ी और साढ़े 6 बजे भिवाड़ी में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उल्लेखनीय की राजस्थान में 19 अप्रैल को प्रथम चरण व 26 अप्रैल को द्वितीय चरण में कांग्रेस पार्टी के स्टार प्रचारक के रूप में जूली लगातार राजस्थान के दौरे पर रहे। जूली चुनावी बागडोर से कांग्रेस पार्टी को मजबूती देने के बाद अब वह अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय रूप में आमजन के विकास कार्यों को बखूबी अंजाम दे रहे हैं।

खबरों की दुनिया

एक नजर

## जॉब फेयर में 50 हुए चयनित



खबरों की दुनिया

**जयपुर ।** सीतापुरा स्थित एनएवी इंडिया में आयोजित जॉब फेयर में 50 से अधिक युवा प्रोफेशनल्स को जॉब मिली। इस दौरान करीब 300 से अधिक अभ्यर्थियों ने फेयर में हिस्सा लिया।
फेयर में एमबीए, एमकॉम, सीएस, सीए समेत अन्य प्रोफेशनल्स ने हिस्सा लिया, जिनमें चयनित प्रोफेशनल्स को हाथों हाथ अपॉयमेंट लेटर दिया गया। संस्थान के एचआर हेड लवलीश रुपानी ने बताया कि अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न प्रोसेस के बाद किया गया, जिसमें प्री स्क्रिनिंग के बाद एप्टीट्यूट एवं अन्य टेस्ट ऑनलाईन माध्यम से लिए गए, एवं फिर शॉर्टलिस्ट कैंडीडेट्स का इंटरव्यू किया गया।
उन्होंने बताया कि संस्थान की ओर से समय-समय पर इस तरह के कैम्पस ड्राइव आयोजित किए जाते हैं।

# ताला बाबा का मेला परवान पर, कुल की रस्म के साथ आज होगा समापन

### रात को सजी कव्वाली की महफ़िल

खबरों की दुनिया



**ताला।** ताला ग्राम पंचायत स्थित पहाड़ी पर विराजमान हजरत बाबा शेख बुरहानुद्दीन चिश्ती रह. की दरगाह शरीफ में पांच दिवसीय मेले में शनिवार को राजस्थान के जयपुर सहित अन्य जिलों से जायरीनों का हुजूम उमड़ा। जयपुर से जायरीनों के आने के लिए शाहपुरा डिपो की अतिरिक्त बसों की व्यवस्था जयपुर रामगंज से ताला गांव में मेला में लगाई गई। वही मेले की बसों की जांच के लिए दो चेक पोस्ट बनाएं गए। देर रात्रि में दरगाह परिसर में देश प्रदेश से आए कव्वाल पार्टियां द्वारा बाबा की शान में एक से बढ़कर एक कव्वाली पेश की। कव्वाल पार्टी ने कव्वाली में नसीबो को जगाया ये है शेख बुरहानुद्दीन ने.....हमे अपना बनाया है शेख बुरहानुद्दीन ने..... कव्वालियां बाबा की शान में पेश किए। मेले में जायरीनों द्वारा ढोल नगाड़े के साथ चादर लेकर दरगाह परिसर पहुंच रहे हैं। तो कही जायरीन कई सेकडो किलोमीटर दूर से पैदल चलकर बाबा के आस्ताना पहुंच कर अपनी मन्नत की दुआ मांग रहा हैं। तेज धूप में भी जायरीनों का दरगाह शरीफ पहुंचे। हज़रत बाबा शेख बुरहानुद्दीन चिश्ती रह के मेले के मौके पर अकीदतमंद का सैलाब उमड़ने से पूरे गांव में मेले की रौनक देखने को मिल रही है। उर्स मेले में जहां देखो वहां हिंद के राजा मेरे बाबा बुरहानुद्दीन ....और नहीं छोड़ेंगे बाबा बुरहानुद्दीन का दामन....जैसे नारों के गूंज और नाचते गाते सिर पर चादर फैलाए जायरीनों का जत्था नजर आ रहा था। शनिवार को देर रात्रि में जायरीनों की भीड़ उमड़ी मन में अपने पीर बाबा के दर पर पहुंचकर बाबा की खिदमत में चादर व अकीदत के फूल पेश कर आस्ताना शरीफ की चौखट पर मात्था टेक कर जायरीनों अपने पीर से रहमतों की दुआ मांग रहे हैं। मेले में आने वाले जायरीनों की व्यवस्थाओं में जयपुर ग्रामीण एसपी शांतनु सिंह के निर्देशन में मेला प्रभारी एएसपी बृजमोहन के नेतृत्व में पुलिस जाब्ता तैनात रहा।

### आज कुल की रस्म के साथ मेले का होगा समापन

रविवार को हज़रत बाबा शेख बुरहानुद्दीन चिश्ती रह. का पांच दिवसीय मेला का सुबह करीब 9 बजे से कुल की रस्म अदा की जायेगी जिसमे हिंदू मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल होगे। साथ ही हिंदू मुस्लिम दोनो समुदाय के अकीदतमंद बच्चो के जडूले और चादर , फूल, नवदपति सहित जोड़े की जात देकर दुआएं एवं मनोकामनाएं का दौर जारी रहेगा। उसके साथ ही मेला का समापन होगा।

### कल भरेगा गुदड़ी का मेला

हज़रत बाबा शेख बुरहानुद्दीन चिश्ती रह के मेले में सोमवार को आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों का गुदड़ी का मेला आयोजित होगा। वहीं मेले में सोमवार को मीना बाजार में पुरुषो का जाने पर प्रतिबंध रहेगा।

### बाबा का लंगर आज

मेले आने वाले जायरीनों के लिए दरगाह परिसर में बड़ी देग में अल सुबह बाबा का लंगर तकसीम किया जाएगा। इधर....लंगर को लेकर ताला स्थित व्यास की पीपली के पास हाजी लतीफ,हाजी इशाक, रज्जाक खान के निजी आवास पर मेले में आए हुए सभी जायरीनों के लिए रविवार को सुबह 10 बजे से रात्रि देर तक बाबा का लंगर चालू रहेगा।

### ताला मेले में रोड़वेज विभाग हुआ फेल

दरगाह कमेटी सदस्यो ने बताया कि रामगंज चौपड़ पर नही है रोडवेज बस की सुविधा, ताला मेले में आने वाले जायरीन हो रहे हैं परेशान, जबकि मेले में उपखंड प्रशासन व मेला प्रभारी ने उठा रखी है मेले की जिम्मेदारी, ऐसे में केसे पहुंचेंगे ताला मेले में जायरीन, शाहपुरा डिपो की अतिरिक्त बसे नहीं उठा सकी मेले की सावरिया, रोडवेज विभाग के राजस्व को भी हो सकता हैं बड़ा नुकसान, ताला मेले में जयपुर रामगंज चौपड़ से ताला गांव के लिए लगा रखी है स्पेशल मेले के लिए रोडवेज बसें।

## विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन





खबरों की दुनिया

**जयपुर।** स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट एंड ग्रामोथान, जयपुर के ऑप्टिका स्टूडेंट चैप्टर और इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरस स्टूडेंट चैप्टर द्वारा विज़िबल डोमेन में क्वांटम प्रभावों पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम के सम्मानित अतिथि प्रो. वाई के विजय, निदेशक सीआईएसटी, आईआईएस विश्वविद्यालय, जयपुर (पूर्व निदेशक, सीडीपीई, राजस्थान यूनिवर्सिटी जयपुर) रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रो. प्रवीण जैन, ने अतिथियों का स्वागत किया और ऑप्टिका और इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरस स्टूडेंट चैप्टर की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

## नेट-थियेट पर भजनों की स्वर्ग गंगा

## करनी कुछ ना करी, तुम मेरी राखो लाज हरि

खबरों की दुनिया




**जयपुर।** नेट-थियेट कार्यक्रमों की श्रृंखला में शनिवार को भजन की स्वर गंगा कार्यक्रम में भजन कलाकार गौरव भट्ट ने अपनी मधुर वाणी से भजन की ऐसी सरिता प्रवाहित कि की लोग भक्ति रस में हिलोरे लेन लगे। नेट-थियेट के राजेन्द्र शर्मा राजू ने बताया कि कलाकार गौरव ने अपने कार्यक्रम की शुरूआत सुरदास के भजन प्रभु मेरे अवगुण चित्त? ना धरो, समदर्शी प्रभु नाम तिहारो,चाहो तो पार करो सुनाकर भजन की शुरुआत की। इसके बाद मीराबाई का भजन दरस बिना दुखन लागै नैन और फिर गुरुनानक की वाणी काहे रे बन खोजने जाई,सख निवासी सदा अलेपा तोही संगि समाई जैसे भजनों को बडे ही सुरीले अंदाज में प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध किया और अंत में तुम मेरी लाखों लाज हरि, तुम जानत सब अंतर्यामी,करनी कछु ना करी, सुनाकर श्रोताओं को भजनों की स्व गंगा में डुबकी लगवाई।
इनके साथ सितार पर हरिहर शरण भट्ट और तबले पर विजय बानेत ने असरदार संगतकर भजनों की इस सुरीली शाम को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम का संचालन सुप्रसिद्ध उद्घोषक आर डी अग्रवाल ने किया। संयोजक नवल डांगी तथा प्रकाश एवं कैमरा मनोज स्वामी एवं संगीत सागर गढवाल ने किया। मंच सज्जा अंकित शर्मा नोनू एवं जीवितेश शर्मा की रही।

## गंगा शर्मा को पीएचडी उपाधि



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** गंगा शर्मा को ज्योति विद्यापीठ महिला विश्वविद्यालय की ओर से पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। यह उपाधि उन्हें 'महिला सशक्तिकरण में गैर सरकारी संगठनों की भूमिका सांगानेर तहसील के संदर्भ में' विषय पर किए गए शोध के लिए प्रदान की गई है। इन्होंने डॉ. लाल कृष्ण शर्मा के निर्देशन में अपना शोध कार्य पूरा किया।

## गुणवत्तापूर्ण सड़क बनाने के दिए निर्देश



खबरों की दुनिया

अलवर। नेता प्रतिपक्ष एवं अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के मालाखेड़ा ब्लॉक में आमजन को हो रही समस्याओं के निस्तारण के लिए लगातार लोगों से संपर्क कर रहे हैं। जूली ने शनिवार को मालाखेड़ा ब्लॉक के सुभाष चौक से राजगढ़ की ओर बनाए जा रहे हैं डामर सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण कर ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण सड़क बनाने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण में मानकों का ध्यान रखकर आमजन के हित में उच्च क्वालिटी का मटेरियल उपयोग करें ताकि सड़क निर्माण गुणवत्तापूर्ण हो सके।
इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष हिमत सिंह चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र सावत्रि मीणा, चामुंडा राम प्रजापत, कन्हैया लाल चौधरी, सोनू मीणा, साहिल इंदौरिया, मोहित पटेल, कजोड़ मीणा सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## ईकोलोजिकल जोन में निजी खातेदारी करीब 10 बीघा कृषि भूमि पर 03 नवीन अवैध कॉलोनियों का प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्तीकरण

खबरों की दुनिया



**जयपुर।** प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा शुक्रवार को जोन-10 के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल जोन में अवस्थित ग्राम-जामडोली, जिला जयपुर में करीब 05 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''राधिका विहार द्वितीय'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गयी मिट्टी-ग्रेबल सडकें, मकानों की बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।
जोन-10 के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल जोन में अवस्थित ग्राम सुमेल जिला जयपुर में करीब 3 बीघा, इसी के पास 2 बीघा कुल 5 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''तिरूपति विहार'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गयी मिट्टी-ग्रेबल सडकें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर 2 नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।
जोन-10 के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल जोन में अवस्थित आगरा रोड तिलक हॉस्पिटल के पास जिला जयपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग पर बेषकिमती सरकारी भूमि पर बंजारा परिवार के द्वारा कब्जा-अतिक्रमण कर झुग्गी-झोपडी, छप्परकोस अन्य सामान डालकर कब्जा - अतिक्रमण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर शनिवार को जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर बेषकिमती सरकारी भूमि को अतिक्रमणमुक्त करवाया गया।
प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा शुक्रवार को सुओमोटो के तहत जोन-10 के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल जोन में अवस्थित वर्धमान नगर विस्तार विजयपुरा रोड, दुर्गाविहार कॉलोनी जामडोली, शान्ति-विहार सुमेल में रोड सीमाओ पर करीब 15 स्थानों पर कब्जा - अतिक्रमण कर अवैध रूप से बनाये गये चबुतरे लोहे की जालिया, ईटों से निर्मित इन्कोलोजर इत्यादि किये गये कब्जे-अतिक्रमणों को जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर तीन कॉलोनियों की रोड सीमाओ को अतिक्रमणमुक्त करवाया गया।
उक्त कार्यवाहीयॉ प्रवर्तन अधिकारी जोन-10, 03, 11 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

## संयुक्त राष्ट्र के जनसंख्या और विकास आयोग की वार्षिक बैठक में सरपंच नीरू यादव लेंगी भाग

खबरों की दुनिया



**जयपुर।** राजस्थान के झुंझुनु जिले की ग्राम पंचायत लांबी अहीर की सरपंच नीरू यादव न्यूयॉर्क में पंचायत स्तर पर बालिकाओं और महिलाओं को सशक्त करने के लिए किए गए नवाचारों पर अपने अनुभव साझा करेंगी । वे न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र के जनसंख्या और विकास आयोग (सीडीपी) की ओर से आयोजित होने वाले वार्षिक सम्मेलन सीपीडी मीट-2024 में चुने हुये जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व अनुभव विषय पर अपने विचार 3 मई 2024 को साझा करेंगी । नीरू यादव के साथ आंध्रप्रदेश की ग्राम पंचायत पिकेरु की सरपंच कुनुकु हेमा कुमारी तथा त्रिपुरा की सेपाहिजला जिला परिषद की सभाधिपति सुप्रिया दास दत्ता भी न्यूयॉर्क में विचार साझा करेंगी।
जनसंख्या और विकास आयोग की वार्षिक बैठक 29 अप्रैल 2024 से 3 मई 2024 तक न्यूयॉर्क में आयोजित की जाएगी । वार्षिक बैठक में सतत विकास के लिए 2030 एजेंडा की समीक्षा करना है । आयोग संयुक्त राष्ट्र का एक त्रिस्तरीय अंतर सरकारी संगठन है इसका उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक परिषद को सहयोग व सलाह देना है । साथ ही राष्टीय, क्षेत्रीय और अंतर्राष्टीय स्तर पर जनसंख्या और विकास पर अंतर्राष्टीय सम्मेलन के कार्यक्रम के कार्यान्वयन की निगरानी, समीक्षा और मूल्यांकन करना है । उल्लेखनीय है कि नीरू यादव अपनी पंचायत में कई नई पहल की है । जैसे कि पंचायत की बालिकाओं की हॉकी टीम तैयार करवाकर कोच के माध्यम से नियमित अभ्यास करवाना। अपने क्षेत्र में बर्तन बैंक खुलवाकर ग्राम पंचायत को प्लास्टिक से मुक्त करवाने कि पहल की साथ ही ग्रामीण महिलाओं से पुराने कपड़ों के थैले बनवाकर महिलाओं को सशक्त बनाया । इसी प्रकार पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए विवाह पर कन्यादान के रूप में पेड़ देकर नई मुहिम की शुरुआत की। साथ ही मेरा पेड़ - मेरा दोस्त मुहीम शुरू की जिसके अन्तर्गत राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को 21000 पेड़ निःशुल्क वितरित किये गए । सरपंच नीरू यादव ने सरपंच सीरीज चलाकर आमजनता को अपने अधिकारों के बारे में जागरूक किया व आपके द्वार मुहिम के अन्तर्गत वृद्ध एवं दिव्यांगजनों को हर माह उनके घर पर पेंशन निकालकर पहुचाने कि पहल की। पंचायत स्तर सरपंच पाठशाला का प्रारम्भ करते हुये बालिकाओं को कम्प्युटर शिक्षा से जोड़ा तथा डिजिटल आंगनबाड़ी और आधुनिक प्ले स्कुल का निर्माण करवाया।

## देश की दूसरी महिला रेस्क्यू टीम का गौरव भी हिन्दुस्तान जिंक को

### –राजपुरा दरीबा के बाद रामपुरा आगुचा माइंस में महिला टीम ने पूर्ण किया प्रशिक्षण

खबरों की दुनिया



**जयपुर।** हिन्दुस्तान जिंक की राजपुरा दरीबा माइंस के देश के पहली महिला रेस्क्यू टीम का गौरव हांसिल करने बाद रामपुरा आगुचा माइंस में महिला रेस्क्यू टीम ने अपना प्रशिक्षण पूर्ण कर देश में दूसरी महिला माइंस रेस्क्यू टीम की उपलब्धी प्राप्त की हैं। रामपुरा आगुचा खदान का सुरक्षा में समावेशिता और उत्कृष्टता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
माइन रेस्क्यूएनस्टेशन, वेस्टर्न कोल फील्ड लिमिटेड, नागपुर के विशेषज्ञ मार्गदर्शन एवं खान सुरक्षा महानिदेशालय के निर्देशों के अनुपालन में, रामपुरा आगुचा खदान की महिला इंजीनियर ने 18 दिनों का गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण किया। अंडरग्राउंड माइन ऑपरेशंस एंड मेंटेनेंस की 8 प्रतिभाशाली महिला इंजीनियरों को भूमिगत खदान बचाव तकनीकों में सावधानीपूर्वक प्रशिक्षित किया गया। शिक्षण में टीम को महत्वपूर्ण जीवन-रक्षक कौशल, जिसमें सीपीआर, स्व-निहित क्लोज्ड सर्किट ब्रीदिंग उपकरण का उपयोग, पुनर्जीवित उपकरण, और हताहतों को बचाने के लिए घनी आग और धुएं वाले क्षेत्रों में नेविगेट करना शामिल है। इसके अलावा, उन्हें जमीन ढहने परिस्थिति में फंसे व्यक्तियों को बचाने का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। अत्याधुनिक तकनीकों और बचाव उपकरणों का उपयोग करते हुए, टीम सभी कार्यों में सुरक्षा और दक्षता के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करते हुए, फंसे हुए खनिकों को खोजने और बचाने में भी दक्ष है।

### एकात्म मानव दर्शन पर होगी वार्ता आयोजित

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** पं.दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्मारक धानक्या में रविवार को एकात्म मानव दर्शन विषय पर वार्ता सत्र का आयोजन होगा। कार्यक्रम के संयोजक दुष्यंत कुमार ने बताया कि मानव जीवन की



एकात्म दृष्टि के आधुनिक चिंतक और विचारक पंडित दीन दयाल उपाध्याय के द्वारा दी गई 'एकात्म मानव दर्शन' विषयक व्याख्यान माला को 60 वाँ वर्ष प्रारम्भ हो रहा है। इस अवसर पर पंडित दीनदयाल स्मारक की यात्रा एवं दर्शन हेतु एक ट्रिप आयोजित कर रहे हैं। इसमें डॉ. सुभाष कौशिक, शिक्षाविद और सार्थक संवाद के संयोजक देवेश बंसल के साथ 'एकात्म मानव दर्शन' पर वार्ता- चर्चा सत्र भी आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन रविवार प्रातः 6 बजे से प्रारंभ होगा।

## मन व दिमाग से हमे मजबूत होना ही कैंसर का सबसे बड़ा इलाज है : निशा सैनी

### –कैंसर से जंग जीतने वाली महिलाओं का निशा होमकेयर सोसाइटी ने किया सम्मान, बढ़ाया हौसला

खबरों की दुनिया



**अलवर।** निशा होमकेयर सोसाइटी द्वारा अलवर के शालीमार में आयोजित संस्था के 17 वर्ष पूरे होने पर कैंसर से जंग जीत कर नया जीवन जीने वाली महिलाओं को संस्था द्वारा सम्मान किया ओर उनका जीने के लिए हौसला बढ़ाया। यह आयोजन निशा सैनी की प्रभारी की अध्यक्षता मे हुआ, जहां महिलाओं को सम्मान में स्मृति चिन्ह, प्रमाण-पत्र व सर पर चांदी का ताज पहनाया और उनको सलाम कर सम्मानित किया। सम्मान प्राप्त करने वाली महिलाओं मे आंध्रप्रदेश, हरियाणा, अरुणाचल प्रदेश, राजस्थान से शामिल रही। सम्मान प्राप्त करते हुए आयोजन निशा सैनी संदेश देते हुए कहा कि हमारी जिंदगी मे बस गिरावट नहीं आनी चाहिए फिर हम बडे से बड़े संकट को भी ईश्वर की कृपा से टाल सकते हैं, जो कि हमनें करके दिखाया है, क्योंकि कहा जाता है कि कि कैंसर का कोई इलाज नहीं लेकिन दुनिया मे सबसे बडा इलाज है अपने मन व दिमाग से मजबूत होना। इस मजबूती व हौसले के लिए कैंसर से जंग जीतने वाली महिलाओं का व निशा होमकेयर सोसाइटी का तथा निशा सैनी का भी धन्यवाद किया, जो उन्हें हमेशा ही प्रेरणा देती आई है। निशा सैनी ने बताया कि वे पिछले 17 वर्षो से अपने जीवन को समाजसेवा के रूप मे चला रही हैं जो गरीब व असहाय लोगो की मदद व चिकित्सा के क्षेत्र मे लोगो की सेवा बढ़ावा साबित हो रही है।
इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे पूर्व वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी शिव विनायक शर्मा, रामगढ़ भाजपा के वरिष्ठ नेता ज्ञानदेव आहूजा, सिटी हॉस्पिटल से ऋचा गुप्ता, डॉ. राजबीर चौधरी, अभय धनवाल, ब्रांड एम्बेसडर शालू सोनी, आर्टिस्ट निशा सोनी, गजानन सैनी, गौरव शर्मा, मास्टर सुरेन्द्र चौहान, कवि कृष्ण कुमार , पवन कुमार, होशियार सिँह सहित निशा होमकेयर की टीम मौजूद रही। इस आयोजन में समृद्धि सामाजिक सेवा संस्था का भी योगदान रहा जो कि पिछले 26 सालों से गरीब बच्चियों की शादी करता आ रहा है।

खबरों की दुनिया
**एक नजर**

# सचिन जावेद ने राज्य स्तर पर जीता कांस्य पदक




खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** जयपुर में आयोजित राजस्थान आर्म रैसलिंग स्टेट चैंपियनशिप में रावतभाटा के सचिन परसेंडिया, जावेद खान ने कांस्य पदक जीता।
इस मौके पर राजस्थान आर्म रैसलिंग एसोसिएशन द्वारा सचिन परसेंडिया को चित्तौड़गढ़ जिले का आर्म रेसलिंग एसोसिएशन का जनरल सेक्रेटरी घोषित किया।
वहीं हरपाल सिंह पाली को प्रेसिडेंट नियुक्त किया। हरपाल सिंह ने बताया कि जल्द आर्म रैसलिंग के मैच शहर में आयोजित होंगे। जिसमें संपूर्ण चित्तौड़गढ़ जिले के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

# स्पेक्टीकल कोबरा आने से मचा हड़कंप



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** चारभुजा स्थित एक निजी फैक्ट्री में स्पेक्टीकल कोबरा आने से हड़कंप मच गया। सांप आने की सूचना वाइल्ड एनिमल रेस्क्यू फाउंडेशन के डायरेक्टर हरपाल सिंह व टीम को दी गई जिस पर हरपाल सिंह ने मौके पर जाकर लगभग आधे घंटे की मशक्कत के बाद रेस्क्यू किया। सांप का रेस्क्यू कर उसे सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ा गया।

# निंबाहेड़ा में सर्वाधिक वल्लभनगर में सबसे कम रहा मतदान

## –चुनावी माहौल नहीं बना सोशल मीडिया से हुआ प्रचार

| | कुल मतदाता | | | | कुल गिरे वोट | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| विधानसभा | पुरूष | महिला | अन्य | कुल | पुरूष | महिला | अन्य | कुल | प्रतिशत |
| मावली | 131165 | 128332 | 5 | 259502 | 90274 | 85769 | 4 | 176047 | 67.84 |
| वल्लभनगर | 135032 | 130667 | 2 | 265701 | 84107 | 80780 | 0 | 164887 | 62.05 |
| कपासन | 135233 | 135407 | 3 | 270642 | 89693 | 87467 | 2 | 177162 | 65.46 |
| बेगूं | 143552 | 138456 | 6 | 282014 | 104191 | 93332 | 3 | 197526 | 70.04 |
| चित्तौड़गढ़ | 137047 | 136277 | 3 | 273327 | 94117 | 84908 | 2 | 179027 | 65.49 |
| निम्बाहेड़ा | 139017 | 139490 | 4 | 278511 | 108783 | 101798 | 2 | 210583 | 75.61 |
| बड़ीसादड़ी | 139929 | 137475 | 0 | 277404 | 97721 | 91946 | 0 | 189667 | 64.76 |
| प्रतापगढ़ | 131425 | 131636 | 4 | 263065 | 99439 | 94557 | 3 | 193999 | 73.74 |
| कुल | 1092400 | 1077740 | 27 | 2170167 | 768325 | 720557 | 16 | 1488898 | 68.61 |

खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** चित्तौड़गढ़ लोकसभा सीट पर दूसरे चरण में शुक्रवार को मतदान हुआ। मतदान में निंबाहेड़ा मैं सर्वाधिक और वल्लभनगर क्षेत्र में मतदान प्रतिशत कम रहा। प्रशासन ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए एड़ी से चोटी तक का जोर लगाया, तब जाकर सम्मानजनक स्थिति में मतदान प्रतिशत पहुंचा। चित्तौड़गढ़ लोकसभा के आंकड़ों के अनुसार सर्वाधिक निंबाहेड़ा विधानसभा में 75.61 प्रतिशत मतदान हुआ, जो वर्ष 2019 के चुनाव के मुकाबले एक फीसद कम रहा। लोकसभा क्षेत्र के बेगू मावली प्रतापगढ़ चित्तौड़गढ़ कपासन बड़ी सादड़ी मैं भी मतदान प्रतिशत सामान्य रहा।

### प्रचार से पोस्टर बैनर रहे नदारत

इस बार के लोकसभा चुनाव में चित्तौड़गढ़ लोकसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 18 प्रत्याशी मैदान में है। लेकिन प्रचार से पोस्टर बैनर नदारत दिखे, मुख्य रूप से भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों की ही प्रचार सामग्री दिखी। लेकिन सोशल मीडिया का जमकर प्रयोग हुआ, सोशल मीडिया पर प्रचार करने में भाजपा कांग्रेस के प्रत्याशी आगे रहे। सोशल मीडिया के अलग-अलग प्लेटफार्म पर पोस्ट वीडियो के माध्यम से प्रचार अधिक हुआ।

### मतदान समाप्त होते ही सांवलिया सेठ की शरण में पहुंचे

मतदान समाप्त होते ही भाजपा प्रत्याशी प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व कैबिनेट मंत्री उदयलाल आंजना सांवलिया सेठ की शरण में पहुंचे और अपनी-अपनी जीत की कामना की। इस दौरान दोनों प्रत्याशियों के समर्थक बड़ी संख्या में साथ रहे, समर्थकों ने भी अलग-अलग तरह की मन्नतें मानी।

### स्ट्रांग रूम में बंद हुआ भाग्य

लोकसभा चुनाव में दूसरे चरण का मतदान समाप्त होते ही चित्तौड़गढ़ जिला सहित उदयपुर के वल्लभनगर मावली और प्रतापगढ़ के मतदान केन्द्रो से ईवीएम आने का सिलसिला मेजर नटवर सिंह विद्यालय में शुरू हुआ, जो शनिवार तड़के तक चला। विद्यालय के मैदान में ईवीएम मशीनों और अन्य सामान को विधानसभा वार अलग-अलग जमा किया गया। उसके बाद सभी मशीनों को स्ट्रांग रूम में रखा गया। प्रतापगढ़ सहित उदयपुर जिले के वल्लभनगर मावली की मशीन चित्तौड़गढ़ जिला मुख्यालय पर कड़ी सुरक्षा के बीच कंटेनर में पहुंची। जहां मशीनों को रखा गया वहां मशीने जाम होने के बाद पूरे विद्यालय परिसर में कड़े सुरक्षा बंदोबस्त किए गए। शांतिपूर्वक मतदान संपन्न होने पर जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक रंजन ने सभी का आभार जताया।

# सांप के डसने से मजदूर अचेत कोटा रैफर

खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** थमलाव ग्राम स्थित लेबर केम्प मे एक मजदूर को सांप ने डस लिया। जिससे मजदूर अचेत हो गया, साथी मजदूर उसे कंपनी की एंबुलेंस से लेकर उप जिला अस्पताल पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार कर उसे कोटा रैफर किया। जानकारी के अनुसार बिहार निवासी अरविंद पुत्र ब्रिज किशोर अपने कमरे में था। किसी काम से कमरे से बाहर आया तो सांप ने डस लिया, थोड़ी देर बाद अरविंद अचेत हो गया। साथी मजदूर घबरा गए और कंपनी की एंबुलेंस से लेकर उसे अस्पताल पहुंचे। जहां उसका प्राथमिक उपचार कर बेहतर उपचार के लिए कोटा मेडिकल कॉलेज रेफर किया।

# बाइक अनियंत्रित होकर फिसली गंभीर घायल कोटा रैफर

खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** भैंसरोडगढ़ मार्ग पर शुक्रवार देर रात एक बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। जिसमें बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हुआ, जिसे राहगीरों ने एंबुलेंस की मदद से उप जिला अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार धनराज पुत्र लक्ष्मी चंद निवासी भैसरोडगढ़ रावतभाटा सामान लेने आ रहा था। रास्ते में बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। जिससे धनराज के सर में गंभीर चोट आई, अस्पताल से घायल का प्राथमिक उपचार कर उसे कोटा मेडिकल कॉलेज रेफर किया।

# गांव सुहारी में आकाशीय टंकी के निमार्ण कार्य धीमी गति से चलने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश

## –अधिकारियों व संवेदक पर लगाया लापरवाही का आरोप



खबरों की दुनिया

**भुसावर।** ग्राम पंचायत सुहारी में जल जीवन मिशन के तहत बनायी जा रही आकाशीय टंकी का कार्य धीमी गति से होने के चलते ग्रामीणों में भारी रोष देखने को मिल रहा है। गॉव सुहारी निवासी रामनिवास सहित ग्रामीणों ने बताया कि सरकार द्वारा ग्रामीणों को पेयजल मुहैया करवाने के उद्देश्य से जल जीवन मिशन के तहत टंकी का निर्माण करवाया जा रहा है। जहां टंकी का निर्माण कार्य फरवरी 2023 में शुरू हो गया। लेकिन संवेदक की मनमानी और कार्य करने की धीमी चाल के चलते कार्य समाप्ति की प्रस्तावित दिनांक के बाद 5 माह ऊपर गुजर जाने पर भी टंकी का निर्माण कार्य पूरा नही हुआ है। गॉव में धीमी गति से चल रहे कार्य को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष देखने को मिल रहा है। जहां ग्रामीणों ने प्रशासन से संवेदक पर कार्रवाही करने को लेकर मांग की है।

# उपखंड अधिकारी सचिन यादव ने ब्लॉक स्तरीय मीटिंग का किया आयोजन



खबरों की दुनिया

**भुसावर।** उपखण्ड अधिकारी सचिन यादव की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें गर्मीयो के मौसम को देखते हुए पीएचडी विभाग के अधिकारियों के साथ पानी संबंधी समस्या की विस्तृत चर्चा की एवं बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ चर्चा की एवं जल जीवन मिशन के अंतर्गत शेष कनेक्शन को तुरंत करवाने संबंधी दिशा निर्देश दिए।
थानाधिकारी भुसावर से कस्बा में एवं क्षेत्र में कानून व्यवस्था संबंधी विषय चर्चा की गई बैठक में तहसीलदार श्री राजेंद्र मोहन थानाधिकारी सुनील कुमार गुप्ता बीडीओ भुसवार सहायक अभियंता पीएचईडी विभाग एवम बिजली विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मां माधुरी बृज वारिस सेवा सदन अपनाघर का रजत जयंती वर्ष पर परम सेवा मिशन व नवीन राष्ट्रीय एवं भरतपुर कार्यकारिणी तथा राष्ट्रीय पदाधिकारियों द्वारा शपथ ली गई

खबरों की दुनिया




**भरतपुर।** संस्था मां माधुरी बृज वारिस सेवा सदन अपनाघर रजत जयंती वर्ष में परम सेवा मिशन व संस्था की नवीन राष्ट्रीय कार्यकारिणी, अपना घर भरतपुर कार्यकारिणी एवं राष्ट्रीय अपना घर सेवा समिति पदाधिकारियों द्वारा अपने दायित्व की शपथ ग्रहण की गई। वही परम सेवा मिशन का शुभारंभ मंच पर पदाधिकारियों एवं सेवासाथियों द्वारा 21 दीप प्रज्जवलित कर किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिकता विभाग राजस्थान अतिरिक्त मुख्य सचिव कुलदीप रांका रहे। अध्यक्षता अपना घर आश्रम अध्यक्ष बबीता गुलाटी रही।
सर्व प्रथम अतिथियों ने मां भारती व शारदे चित्र के समक्ष दीप जलाकर कार्यक्रम शुभारंभ किया। इसके बाद आश्रम अध्यक्ष बबीता गुलाटी द्वारा भरतपुर आश्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। वही राष्ट्रीय सचिव चंद्रशेखर गुप्ता ने राष्ट्रीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। संरक्षक वीरपाल सिंह ने परम सेवा मिशन विषय मे विस्तार से जानकारी दी। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव कुलदीप रांका ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। राष्ट्रीय अध्यक्ष रामस्वरूप अग्रवाल ने संस्था के आगामी दो वर्ष में परम सेवा मिशन के तहत सेवा बेहतर बनाया जाएगा। संस्थापक डॉ.बी.एम. भारद्वाज ने अपने उद्बोधन में कहा अपना घर एक विचारधारा है, साक्षात प्रभुजी के दर्शन अपना घर में ही हो सकते है। यहां जो भी समस्याएं आती है ठाकुर जी स्वयं आकर संभालते है। यहां की सेवाओं में इन सेवा साथियों का विशेष सहयोग रहता है चाहे वो सेवा के क्षेत्र में हो या किसी अन्य रूप में हो। उन्होंने कहा कि परम सेवा मिशन का शुभारंभ हुआ है। संसाधनों की चिंता स्वयं ठाकुर जी को होती है हमें नहीं करनी है यही परम सेवा है। हम स्वयं के कल्याण के लिए सेवा कर रहे है यही परम सेवा है। मुख्य अतिथि रांका ने कहा कि जिंदगी का हर कदम परिस्थितयों से गुजरता है जिसमें हमें संभलकर चलना होता है, जीवन में सजग रहना बहुत ही आवश्यक है तभी हम सच्ची सेवा कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि संस्कारों को भोगने के लिए ही जन्म होता है। इसी तरह यहां कार्यरत पदाधिकारी, सेवासाथी सभी उसी श्रेणी में आते है जो दूसरों के दुखों हरण कर अपना जीवन आंनदित रूप से जीते है। यहां सभी कार्य बडी जागरूकता से सेवा कार्य में जुटे है। लोग वर्षो तक तप करते है लेकिन तब वह ऐसा कुछ नहीं कर पाते जो यहां पदाधिकारी एवं सेवासाथियों द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में अतिथियों को डॉ. माधुरी भारद्वाज, डॉ. बी.एम. भारद्वाज, राष्ट्रीय अध्यक्ष रामस्वरूप अग्रवाल द्वारा संस्था का स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। अंत में आश्रम सचिव भूदेव शर्मा द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कुसुमलता अग्रवाल, सतीशचंद सिंघल द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्गान के साथ हुआ। इसके बाद मुख्य अतिथि रांका ने आश्रम की व्यवस्थाओं को देखकर प्रशंसा की। जो अपना घर के लिए बहुत ही सम्मानजनक है।इस मौके पर सीमा लवली, सन्तोष देवी, राजेन्द्र मित्तल, संजय जैन, अशोक सेवक, मनीराम धाकड़, हरिसिंह मीना, डॉ आरएस पचहरा आदि का विशेष सहयोग रहा।

# पथैना में धीरज बाबा मेला का शुभारम्भ आज, महाराजा विश्वेन्द्र सिंह होंगे मुख्य अतिथि

**–कुश्ती दंगल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम कल**

**–आखिरी कुश्ती का इनाम एक लाख व गुर्ज**

खबरों की दुनिया




**भुसावर।** श्री धीरज बाबा मेला कमेटी,ग्राम पंचायत एवं गांव की समस्त सरदारी की ओर से गांव पथैना में 28 अप्रेल से दो दिवसीय 311 वां श्री धीरज बाबा मेला का शुभारम्भ होगा और ये मेला 29 अप्रेल तक लगेगा। आखिरी कुश्ती एक लाख रूपए की होगी,इस बार कुश्ती दंगल में महिला कुश्ती पर प्रतिबन्ध लगाया गया। मेले का उद्घाटन व ध्वजारोहण ठाकुर शिव सिंह करेंगे, जबकि कुश्ती दंगल के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री विश्वेन्द्र सिंह एवं विशिष्ठ अतिथि कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोडीलाल मीणा, गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम, डीग-कुम्हेर के विधायक डॉ.शैलेष सिंह, नदबई के विधायक कु. जगत सिंह, वैर के विधायक बहादुर सिंह कोली होंगे। उद्योगपति शक्ति सिंह, सरपंच स्नेहलता के प्रतिनिधि बृजेश कुमार, धीरज बाबा के सेवक राजूराजा ने बताया कि गांव पथैना में 28 एवं 29 अप्रेल को धीरज बाबा का मेला लगेगा। 28 अप्रेल को सुबह 8 बजे मेला का उद्घाटन व ध्वजारोहण ठाकुर शिव सिंह के मुख्य आतिथ्य में होगा। सुबह 10 बजे राजकीय व गैर राजकीय स्कूल के बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिताएं, दोपहर 2 बजे घोडा-घोड़ी एवं ऊंट-ऊटनी दौड़ होगी, विजेता को 15 हजार व शील्ड व उप विजेता को 11 हजार व शील्ड पुरूस्कार में मिलेगी। दोपहर 3 बजे 1500 मीटर की पुरूष दौड होगी, जिसके विजेता को 4100 रू. एवं उप विजेता को 3100 रू का पुरूस्कार मिलेगा। सायं 5 बजे सीनियर व जूनियर वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिताए होगी। रात्रि को 8 बजे श्री सार्दुल चैक स्थित श्री बिहारी जी महाराज मन्दिर रंगारंग मंच पर जिकडी-भजन होगी, जिसके विजेता को 15 हजार व शील्ड एवं उप विजेता को 5100 रू0 का पुरूस्कार दिया जाएगा। 29 अप्रेल को धीरज बाबा स्टेडियम पर राष्ट्रीय स्तर का सुबह 8 बजे से दोपहर एक बजे तक जूनियर वर्ग का तथा दोपहर एक बजे से सायं 7 बजे तक सीनियर वर्ग का कुश्ती का दंगल होगा। आखिरी व पथैना गुर्ज विजेता को नगद एक लाख रू. एवं गुर्ज पुरूस्कार में दिया जाऐगा। इसके अलावा सीनियर वर्ग में 1100 रू. से 51 हजार एक रू. तक कुश्तियां होंगी। साथ ही गांव पथैना एवं अन्य स्थान के भामाशाह व समाजसेवियों के द्वारा स्पेशल कुश्तियां कराई जाऐगी। रात्रि 9 बजे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। मेला कमेटी अध्यक्ष ठाकुर रविन्द्र सिंह कटैला, पंचायत समिति सदस्य देवो पहलवान एवं मोरध्वज सिंह ने बताया कि कुश्ती दंगल के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री विश्वेन्द्र सिंह एवं विशिष्ठ अतिथि कैबिनेट मंत्री डॉ.किरोडीलाल मीणा, गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम, डीग-कुम्हेर के विधायक डॉ. शैलेष सिंह, नदबई के विधायक कु. जगत सिंह, वैर के विधायक बहादुर सिंह कोली होंगे। उन्होने बताया कि मेला कमेटी एवं गांव के गणमान्य लोगों ने 29 अप्रेल को होने वाले जूनियर व सीनियर वर्ग के कुश्ती दंगल में महिलाओं की कुश्तियां नही कराने का निर्णय लिया है ओर महिला कुश्ती पर प्रतिबन्ध कायम रहेगा।

# सिरस में जैन रथयात्रा मेला कल

खबरों की दुनिया

**भुसावर।** श्री श्वेताम्बर जैन तीर्थ ट्रस्ट एवं श्वेताम्बर जैन समुदाय की ओर से उपखण्ड वैर के गांव सिरस स्थित श्री कलिकाल कल्पतरू भगवान श्री महावीर जी मन्दिर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुधीर जैन,मंत्री रिखवचन्द जैन जयपुर,कोषाध्यक्ष विमलचन्द जैन व पूर्व अध्यक्ष महावीरप्रसाद जैन के सानिध्यं में 29 अप्रेल को एक दिवसीय भव्य व विशाल जैन रथ यात्रा मेला लगेगा,जिस मेला की तैयारियां पूर्ण हो चुकी है और मेले में होने वाले कार्यक्रम व समय भी तय हो गए। ट्रस्ट के अध्यक्ष सुधीर जैन, मंत्री रिखवचन्द जैन जयपुर, कोषाध्यक्ष विमलचन्द जैन ने बताया कि 29 अप्रेल को मेले के दिन सुबह 7 बजे से नवकारशी,सुबह 9 बजे भगवान कलिकाल कल्पतरू श्री महावीर स्वामी की पूजा.अर्चना,रथ यात्रा की बोली,सुबह 11 बजे से स्वामी वात्सल्य, दोपहर 12 बजे रथयात्रा,यात्रा के बाद माला की बोली आदि कार्यक्रम होंगे। उन्होने बताया कि सिरस जैन तीर्थ पर 29 अप्रेल को आयोजित मेले में भरतपुर, अलवर, जयपुर, करौली, आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, टुण्डला, दिल्ली, मुम्बई, कलकत्ता, अहमदाबाद, अजमेर, कानपुर, लखनऊ, सवाईमाधोपुर, पलवल, नोएडा, गाजियाबाद, टोंक, कोटा, झालावाड, डीग आदि जिले सहित कस्बा खेडलीगंज, भिवाडी, वैर, वल्लभगढ, हिण्डोन, महवा, बयाना आदि स्थान के जैन समुदाय के लोग शामिल होंगे।



**23 तीर्थकर ध्वजारोण 17 व 18 मई का :** सिरस गांव के जैन तीर्थ श्री कलिकाल कल्पतरू भगवान श्री महावीर जी मन्दिर पर साल 2023 को कराई 23 तीर्थकर एवं देवलकुलिकाओं की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में पहली बार 17 मई से दो दिवसीय जैन 23 तीर्थकरं ध्वजारोहण महोत्सव-2024 मनाया जाऐगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष सुधीर जैन भिवाडी ने बताया कि 17 मई व 18 मई को सिरस जैन तीर्थ पर तीर्थ के मार्गदर्शक व प्रतिष्ठाचार्य श्री रत्नाकर सूरीश्वर जी महाराजा के सानिध्यं व प्रेरणा में जिनालयों व देवलकुलिकाओं की स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 23 तीर्थकरं ध्वजारोहण महोत्सव-2024 मनाया जा रहा है। 17 मई को मंगल कार्यक्रम के तहत दोपहर 1:00 बजे से अढार अभिषेक एवं सायंकाल आरती के पश्चात भक्ति सध्यां तथा 18 मई को सुबह 8:00 बजे से सत्तरह भेदी पूजा व ध्वजारोहण आदि कार्यक्रम होंगे। अढार अभिषेक का लाभ नकरा द्वारा एवं ध्वजा चढाने का लाभ बोली से दिया जाए।

# आवंटित भूमि से हटवाया अतिक्रमण

खबरों की दुनिया

**भुसावर।** राजकीय कृषि महाविद्यालय के कृषि फार्म हेतु आवंटित भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने का महाविद्यालय प्रशासन ने कार्य किया है। डीन उदयभान सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि राजस्थान सरकार ने भुसावर के गॉव सैंधली की सिवायचक जमीन से 16.23 हेक्टर जमीन कृषि महाविद्यालय भुसावर को आवंटित की थी। महाविद्यालय द्वारा जमीन पर कब्जा प्रक्रिया के दौरान पता चला कि आवंटित जमीन पर ग्रामीणों ने कच्चे मकान व झोपडी बनाकर कब्जा किया हुआ है। जिस पर इन अतिक्रमणों को हटाने के लिए कानूनी प्रक्रिया के तहत ग्रामीणों को स्थानीय प्रशासन की मदद से नोटिस दिये गये और समझाइश की गई। जिसके बाद ग्रामीणों ने अपने कच्चे मकानों से सामान हटा लिया। वहीं ग्रामीणों की उपस्थिति में पीला पंजा चलाकर अतिक्रमणों को ध्वस्त करने की कार्रवाही की गई।

खबरों की दुनिया
एक नजर

## अवैध बजरी से भरा एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त



खबरों की दुनिया

**निवाई।** बरोनी थाना पुलिस ने अवैध बजरी से भरे हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। थानाधिकारी ओम प्रकाश ने बताया कि गांव जेबाडिया में स्थित स्कूल के समीप बजरी भरकर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली आ रही थी।

पुलिस ने ट्रैक्टर को रूकवाया और मय बजरी के ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त करके पुलिस थाने में खडा करवा दिया है। पुलिस ने अवैध बजरी खनन करने पर ट्रैक्टर के मालिक व चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## महिलाओं ने पुरूषों से कम किया मतदान

खबरों की दुनिया

**निवाई।** टोंक सवाईमाधोपुर लोकसभा के लिए निवाई विधासभा क्षेत्र में शुक्रवार को हुए मतदान में महिलाओं का रूझान मतदान के प्रति पुरूषों के मुकाबले कम रहा है। निर्वाचन विभाग से जारी आंकडों के अनुसार निवाई विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 86 हजार 750 मतदाता हैं जिनमें से 1 लाख 51 हजार 761 मतदाताओं ने ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। सहायक रिटर्निंग अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 47 हजार 600 पुरूष एवं 1 लाख 39 हजार 150 महिला मतदाता हैं। मतदान के दौरान 81 हजार 388 पुरूष मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जबकि 70 हजार 373 महिला मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया है। इस प्रकार पुरूषों के मुकाबले करीब 11 हजार 15 महिलाओं ने कम मतदान किया है।

## मतदाताओं, मीडियाकर्मियों, मतदान अधिकारियों व पुलिस प्रशासन का जताया आभार

खबरों की दुनिया

**निवाई।** लोकसभा को चुनाव शांतिपूर्ण व निष्पक्ष सम्पन्न होने पर विधायक रामसहाय वर्मा व सहायक निर्वाचन अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया सहित सभी पार्टियों के प्रत्याशी, नगरपालिका अध्यक्ष, पंचायत समिति प्रधान व पूर्व विधायक सहित सभी पार्टियों के पदाधिकारियों व वरिष्ठ नेताओं ने टोंक सवाई माधोपुर लोकसभा क्षेत्र में उत्साह के साथ बढ चढकर योगदान देने व लोकतंत्र के इस महापर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने के लिए सभी का आभार जताया। विधायक रामसहाय वर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी, उपाध्यक्ष जितेन्द्र चंवरिया, पूर्व शहर अध्यक्ष रामअवतार घाटी, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष राजकुमारी शर्मा, प्रधान रामअवतार लांगडी, उपप्रधान दयाराम जाट व भाजपा नेता रतनदीप गुर्जर सहित भाजपा के कई नेताओं व कांग्रेस की ओर से विधायक रहे प्रशान्त बैरवा, ब्लॉक अध्यक्ष शंकरलाल जाट, शहर अध्यक्ष पारस पहाडी व पूर्व शहर अध्यक्ष महावीर पराणा सहित कई नेताओं ने टोंक सवाईमाधोपुर लोकसभा क्षेत्र में उत्साह के साथ मतदान करने वाले सभी मतदाताओं, लोकतंत्र के इस महापर्व में अथक परिश्रम कर सहभागी बने समस्त पुलिस प्रशासन, मीडियाकर्मियों, मतदान अधिकारियों एवं पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ताओं को इस चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने पर उनका आभार जताते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार का सहयोग करने का आहवान किया।

# स्ट्रॉन्ग रूम में बंद हुआ प्रत्याशियों का भविष्य: दिन-रात थ्री लेयर की सुरक्षा

खबरों की दुनिया

**टोंक।** टोंक-सवाई माधोपुर लोकसभा सीट पर शुक्रवार को मतदान हुआ। इसी के साथ इस सीट पर कांग्रेस, बीजेपी समेत अन्य 11 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम मशीनों में बंद हो गया। मतदान के बाद ईवीएम मशीनों को टोंक जिला मुख्यालय पर मतगणना स्थल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय टोंक, बहीर रोड में पुलिस पहरे में स्ट्रॉन्ग रूम में सुरक्षित रखवाने का कार्य शुक्रवार रात से शनिवार सुबह तक चला। अब 4 जून को मतगणना होगी।

अब स्ट्रॉन्ग रूम पर 24 घंटे पुलिस की थ्री लेयर कड़ी सुरक्षा रखी जा रही है। आधुनिक हथियारों से लेस 80 से ज्यादा पुलिस के जवान और पुलिस अफसर इनकी रात दिन सुरक्षा में तैनात कर दिए हैं।

**80 से ज्यादा जवान तैनात**

एसपी संजीव नैन ने बताया कि स्ट्रॉन्ग रूम में रखी इन ईवीएम मशीनों की सुरक्षा थ्री लेयर में की गई है। इसमें 80 से ज्यादा पैरा मिलिट्री, आरएसी और सिविल पुलिस के जवान और पुलिस अफसर तैनात किए है। इन मशीनों में लगाई गया पुलिस जाप्ते के प्रभारी के रूप में एक ASP को लगाया गया है। वहीं एक डीएसपी, दो सीआई को लगाया है। एसपी नैन ने बताया कि ईवीएम मशीनों की कड़ी सुरक्षा की गई है।



फर्स्ट लेयर में अंदर 24 घंटे हथियारों के साथ पैरामिलिट्री के जवान तैनात किए गए है। सेकेंड लेयर में आरएसी के जवान तैनात किए है। थ्री लहर में सिविल पुलिस के जवान लगाए है। इस तरह से मशीनों तक तो दूर की बात रही, कोई व्यक्ति सेकेंड लेयर तक भी गलत इरादे से नहीं जा सकता है।

**टोंक की ईवीएम रात को, सवाई माधोपुर की सुबह हुई जमा**

शुक्रवार को वोटिंग खत्म होने के बाद ईवीएम मशीनों को टोंक जिला मुख्यालय पर मतगणना स्थल राजकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय टोंक में बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम में पुलिस पहरे में रखा गया। यह सिलसिला शनिवार सुबह तक चलता रहा। एसपी संजीव नैन ने बताया कि मध्य रात तक टोंक की मशीने स्ट्रान्ग रूम में पुलिस सुरक्षा में रखवाया गया। उसके बाद शनिवार सुबह सवाड माधोपुर की ईवीएम मशीनों को लाकर स्ट्रॉन्ग रूम में रखवाया। स्ट्रॉन्ग रूम पर कड़ी पुलिस सुरक्षा दी जा रही है।

## समर्थन मूल्य पर खरीद स्थगित, बारदाना आने पर शुरू होगी खरीद

खबरों की दुनिया

**निवाई।** क्रय विक्रय सहकारी समिति में समर्थन मूल्य पर जिंसो की खरीद शुरू कर दी गई है। समिति के प्रबन्धक हरिओम ने बताया कि क्रय केन्द्र निवाई, सिरस व पलेई पर खरीद शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि राजफैड से पर्याप्त मात्रा में बारदाना प्राप्त नहीं हुआ है जिससे जिंसो की खरीद बंद कर दी गई है। जैसे ही बारदाना उपलब्ध हो जाएगा खरीद वापस शुरू कर दी जाएगी। खरीद से पूर्व किसानों को पहले सूचना दी जाएगी।

## चौगाई पंचायत में पानी के लिए करना पड़ रहा है संघर्ष, 6 फिट का गहरा गड्डा खोदकर भरना पड रहा पानी

खबरों की दुनिया

**पीपलू।** उपखंड के चौगाई पंचायत के सोन्दीफल व मोहिनी सहित सन्देडा पंचायत के हरिपुरा गांव मे बिसलपुर की पेयजल योजना के घर घर कनेक्शन आज तक भी नही पहुंच पा रहे है। ग्रामीण नंदलाल साहू, बजरंगलाल टैलर, घनश्याम पारीक व जयराजसिंह नाथावत सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र मे जलापूर्ति मुख्यतया भूमिगत जल स्त्रोतों पर निर्भर है। इसलिए भूजल स्तर गिरने से बोरिंग भी नकारा साबित हो रहे हैं वहीं फ्लोराइड की समस्या भी बढ़ रही है। गांव में पिछले कई सालों से ग्रामीण परेशान है। बीसलपुर जल परियोजना के तहत पानी आने से ही जल संकट से मुक्ति मिली थी। लेकिन विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से जालापूर्ति बंद है। चौगाई गांव के एक मोहल्ले में तो करीबन 6 फुट का गड्डा खोदकर उसमें एक आदमी या औरत उतरती है फिर वह पानी भरकर ऊपर पहुंचाती है। निचे भी पानी धीरे धीरे आता है। जिसके कारण पानी की पूरी आपूर्ति नहीं हो पा रही है। बीसलपुर जलदाय विभाग द्वारा जगह-जगह पॉइंट भी लगाए गए हैं।



पर पॉइंटो पर पानी नहीं आ रहा है। गांव में पेयजल की समस्या कारगर सरकारी व्यवस्था के अभाव में लोग निजी नलकूप और टैंकर संचालकों से महंगे दामों पर पानी खरीदने को मजबूर हो रहे हैं। गांव में अधिकांश हिस्सौ में सरकारी पेयजल व्यवस्था है। मगर पर्याप्त जलापूर्ति के अभाव में विभिन्न इलाकों में लोग टैकरों से पानी खरीद रहे हैं। इसके लिए उनको हर माह 1 हजार रुपए तक चुकाने पड़ रहे हैं। उन्हें गांव में आए दिन अघोषित विघुत कटौती व खराबी के चलते पेयजल संकट की ओर से भी गंभीर हो जाता है। जलदाय एवं विभाग के अधिकारी ग्रामीणों की समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। ना ही पंचायत प्रशासन इस और ध्यान दे रहा है।

## निकाह से पहले लड़की भगा ले जाने के बाद परिजनो ने किया हंगामा

**- किशोरी को दस्तयाब किये जाने के बाद मामला हुआ शांत**

खबरों की दुनिया

**टोंक।** एक प्रेमी युगल के फरार होने के बाद युवती के परिजनों द्वारा भारी संख्या में कोतवाली थाने पर पहुंचकर जमकर हंगामा किया, तथा आरोपी युवक को गिरफ्तार करने की मांग की गई, जहां पुलिस द्वारा रात्रि में ही प्रेमी युगल को दस्तयाब कर युवती को परिजनों को सुपुर्द कर देने के बाद मामला शांत हुआ। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी मतदान कराने के पश्चात थोड़ा सुस्ता रहे थे कि अचानक रात्रि 8:30 बजे अचानक थाना कोतवाली पर मुस्लिम समुदाय के सौ-डेढ़ सौ लोग आकर प्रदर्शन करने कि इतला पुलिस के आलाधिकारियों को मिलने पर सब कोतवाली की ओर सरपट दौड़ पड़े। कोतवाली के बाहर प्रदर्शन कर रहे



लोगों को मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक संजीव नैन, अति. पुलिस टोंक सरिता सिंह, वृत्ताधिकारी टोंक राजेश विद्यार्थी एवं थानाधिकारी भंवर लाल वैष्णव द्वारा मामला समझकर शांत करने के प्रयास किये गये, जहां युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के आरोपी को गिरफ्तार करने एवं युवती को बरामद करने की मांग कर रहे मुस्लिम समुदाय के महिला-पुरूषों को समझाकर उन्हें दो घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर युवती को बरामद करने के दिये गये आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ। तत्पश्चात पुलिस द्वारा काली पलटन क्षैत्र के निवासी प्रेमी युगल का पीछा कर उन्हें दस्तयाब कर कोतवाली लेकर आये, जहां रात को ही युवती को परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया तथा युवक को भी उसके परिजनों को सौंप कर पाबन्द किया गया। इस दौरान उपजे घटनाक्रम में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी, जिसके फलस्वरूप रात के लगभग चार बजे सुबह पुलिस अधिकारीगण कोतवाली से घर रवाना हो गये। मिली जानकारी के अनुसार युवती का शनिवार को सजातीय युवक से निकाह तय था। पुलिस ने कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु शनिवार को भी कोतवाली थाना क्षैत्र में भारी पुलिस बल तैनात किया गया।

## पेयजल व बिजली का कंट्रोल रूम स्थापित

खबरों की दुनिया

**झुंझुनूं।** जिले में गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल एवं बिजली की शिकायतों के समाधान के लिए जिला कलक्टर चिन्मयी गोपाल ने कलेक्ट्रेट में विशेष तौर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया है।

जिला कलक्टर ने बताया कि जिले में कोई भी व्यक्ति अपने आसपास पेयजल या बिजली संबंधी समस्या होने पर कंट्रोल रूम के टेलीफोन नं 01592-232237 पर सुबह 6 से शाम 6 बजे तक तक कॉल कर शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

दर्ज शिकायतों का विभागीय स्तर पर तुरंत समाधान करवा जाएगा।

## स्पाइन कबड्डी लीग में शुरू हुए जूनियर कबड्डी 55 किलों भार वर्ग के मुकाबले

खबरों की दुनिया

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं एकेडमी, विज्डम सिटी के जीवेम् स्पोर्ट्स स्कूल ग्राउण्ड पर शूरवीर डिफेंस एकेडमी द्वारा आयोजित स्पाइन कबड्डी लीग के दूसरे दिन सेमीफाइनल एवं फाइनल के लिए कड़ा संघर्ष देखने को मिला। प्रतियोगिता में जूनियर एवं सब जूनियर बॉयज कबड्डी के मुकाबले 28 अप्रैल तक खेले जा रहे हैं। लीग चेयरमैन योगेश शर्मा ने बताया कि दूसरे दिन के सब जूनियर 45 किलों भार वर्ग मुकाबलों के 1 वें मैच में पिलानी पलटन ने सीकर सुपर स्टार को 19 पॉइंट से हराया। 12 वें मैच में चुरू चैलेंजर ने अलवर अलायंस को 2 पॉइंट के नजदीकी मुकाबले में हराया। 13 वें मैच में पिलानी पलटन ने जयपुर किंग को 12 पॉइंट से हराया। 14 वें मैच में अलवर अलायंस ने सीकर सुपर स्टार को कड़े मुकाबले में मात्र 1 पॉइंट से हराया। 15 वें और आखिरी लीग मैच में चुरू चैलेंजर ने झुंझुनूं जांबाज को 20 पॉइंट के बड़े अंतर से हराया। स्कूल डायरेक्टर आकाश मोदी ने बताया कि शनिवार को सब जूनियर वर्ग के प्रथम सेमी फाइनल में पिलानी पलटन ने अलवर अलायंस को 15 पॉइंट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरे सेमी फाइनल में चूरू चैलेंजर ने सीकर सुपर स्टार को 20 पॉइंट के बड़े अंतर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। रविवार को पिलानी पलटन और चुरू चैलेंजर के बीच स्पाइन कबड्डी लीग का सब जूनियर वर्ग का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। झुंझुनूं एकेडमी चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी ने कहा कि लगातार चार दिन तक निर्बाध रूप से चलने वाली



कबड्डी लीग में शहर वासियों व खेल प्रेमियों का खासा रुझान देखने को मिला। बड़ी संख्या में लोगों ने दिनभर मैचों का आनंद उठाया। स्कूल प्राचार्य डॉ. रविशंकर शर्मा ने बताया कि रविवार शाम स्पाइन कबड्डी लीग का समापन होगा। शनिवार को हरियाणा के प्रसिद्ध कलाकार राममेहर महला ने लाईव परफोर्मेंस देकर भरपूर मनोरंजन किया। मुख्य अतिथि आनंद राज पूनिया समाज सेवी एवं गौ भक्त थे। इस दौरान मैनेजिंग डायरेक्टर नीरजा मोदी, एक्जीक्यूटीव डायरेक्टर आशुतोष मोदी, जॉली एंजल्स डायरेक्टर रानू मोदी, स्कूल डायरेक्टर आकाश मोदी, गरिमा मोदी, छात्रावास निदेशक कुरड़ाराम धींवा, उप-प्राचार्या सरोज सिंह, शूरवीर डिफेंस एकेडमिक डायरेक्टर अमित शर्मा, हैडमिस्ट्रेस उमा शर्मा, प्रशासक कमलेश कुलहरि ने मुख्य अतिथि आनंद राज पूनिया एवं राम मेहर महला का गुलदस्ते, अंग वस्त्र भेंट कर पारम्परिक स्वागत किया।

## देश के तिरंगे के सम्मान के लिए कड़ी मेहनत करें खिलाड़ी : डॉ टिबड़ेवाला

***–देशभर की 25 यूनिवर्सिटी के खिलाड़ी करेंगे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन***



खबरों की दुनिया

**झुंझुनूं।** श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन डॉ. विनोद टिबड़ेवाला ने खिलाड़ियों से आह्वान किया कि वो देश के तिरंगे का मान बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत करें और खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अभिभावकों का मस्तक गर्व से ऊंचा करें। इसके साथ ही उन्होंने खिलाड़ियों के लिए हर स्तर पर बेहतरीन प्रशिक्षण व अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने की घोषणा की।

उन्होंने अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी कैम्पस में प्रारम्भ हुई ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रान की डो महिला व पुरूष चैम्पियनशिप का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। यूनिवर्सिटी चेयरपर्सन डॉ. विनोद टिबड़ेवाला ने कहा कि शिक्षा, शोध के साथ-साथ अब श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी खेल क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन कर रही है। अब श्री जेजेटी खेलों में टॉप 10 यूनिवर्सिटी में शामिल हो चुकी हैं। यूनिवर्सिटी प्रेसीडेंट डॉ. देवेन्द्र सिंह ढुल ने खिलाड़ियों से आह्वान किया कि वो आदर्श खिलाड़ियों की भांति मेहनत करें और अभिभावकों का सपना पूरा करें। श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी आगामी शैक्षणिक सत्र के दौरान अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ के सहयोग से एक्सीलेंस सेंटर स्थापित करेगी। इससे खिलाड़ियों को खेल की बारीकियां को सिखाते हुए तराशने का काम किया जाएगा। यूनिवर्सिटी निदेशक उमा टिबड़ेवाला ने खिलाड़ियों को चैम्पियनशिप के लिए शुभकामनाएं दी। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं यूनिवर्सिटी विद्यार्थी आफरीन हैदर व अमन कादयान विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल हुए। इस दौरान यूनिवर्सिटी एम्बेसडर गायक रामकेश जीवनपुरिया, विकास कुमार, एमके मकराना ने अपनी प्रस्तुतियों के साथ खिलाड़ियों का मनोरंजन किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. अजीत कुमार, निदेशक सम्पदा इंजीनियर बालकृष्ण टिबड़ेवाला व प्रेमलता टिबड़ेवाला, परामर्श समिति सदस्या डॉ. मधु गुप्ता, खेल बोर्ड सचिव डॉ. अरुण कुमार, मुख्य वित्त अधिकारी डॉ. अमन गुप्ता, तकनीकी निदेशक सतीश ढुल, शारीरिक शिक्षा विभाग प्राचार्य डॉ. मनोज गोयल व विभिन्न विभाग अध्यक्ष, प्राचार्य एवं प्रभारी उपस्थित रहे।

# जिला कलक्टर ने बीड़ीके अस्पताल व नगर परिषद का औचक किया निरीक्षण

खबरों की दुनिया

**झुंझुनूं।** जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने शनिवार को झुंझुनूं के राजकीय बीडीके अस्पताल व नगर परिषद का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के बच्चा व महिला ओपीडी, एमसीएच विंग, अन्नपूर्णा रसोई, धर्मशाला, पर्ची काउंटर, जनाना विंग में वार्ड, नर्सिंग कॉलेज आदि का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्था का जायजा लिया। एमसीएच विंग के जनाना वार्ड में प्रसूताओं से बात कर उन्हें मिल रही सुविधा के बारे में जानकारी ली। इस दौरान जिला कलेक्टर ने जनाना विंग में खाली पड़े वार्ड को काम में लेने, बीडीके अस्पताल की मुख्य बिल्डिंग में बच्चों के सभी वार्डो को एमसीएच विंग में शिफ्ट करने, कॉटेज वार्ड को काम लेने तथा एमसीएच विंग के सेकेण्ड फ्लोर पर आरओ लगाने के निर्देश दिए। इसके अलावा नर्सिंग कॉलेज में नियमित कक्षा लगाने, बीडीके अस्पताल के सांकेतिक बोर्ड को दुरूस्त करने, अस्पताल के फायर सिस्टम की समय समय पर मॉक ड्रिल करने, आईसी सामग्री को अपडेट कर लगाने, पंखों की मरमत करवाने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने विजिट के दौरान राजकीय बीडीके अस्पताल में संचालित अन्नपूर्णा रसोई व धर्मशाला का निरीक्षण किया और साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। विजिट के दौरान पीएमओं डॉ. संदीप पचार, आरएमओ राजवीर, बंशीधर झाझड़िया, प्यारेलाल भालोठिया, अरूण पाटड, नावेद अखतर, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जितेन्द्र भांबू मौजूद रहे।



**शहर की सफाई, स्ट्रीट लाइट व सीवरेज कार्यों के संबंध में दिए निर्देश**

जिला कलेक्टर ने शनिवार को नगर परिषद कार्यालय का औचक निरिक्षण किया। नगर परिषद आयुक्त अनीता खीचड़ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने कार्यालय की साफ-सफाई, वहां लगे सीसीटीवी कैमरे सहित टैक्स, फायर सेफ्टी सर्वे, पटटे, भवन परमिशन, प्रधानमंत्री आवास, सीवरेज कार्य, स्ट्रीट लाइट, शहर की सफाई व्यवस्थाओं की जानकारी ली और सुधार के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने प्रत्येक शाखा में जाकर वहां के कार्मिकों से फीडबैक लिया। फायर सेफ्टी सर्वे, बकाया टैक्स जमा नहीं करवाने वालो पर करवाई करने, पट्टे की फाइल जमा करवाने, लंबित प्रकरणों का निस्तारण करने, रेवेन्यू बढ़ाने के संबंध में विस्तार से जानकारी ली और दिशा निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर राम रतन सोकरिया मौजूद रहे।



खबरों की दुनिया

एक नजर

गौशालाओं में गौवंश को गर्मी और लू से बचाने के लिए गोपालन विभाग द्वारा एडवाइजरी जारी

## स्वच्छ जल और पर्याप्त मात्रा में चारे की व्यवस्था के निर्देश

खबरों की दुनिया

**जयपुर ।** गोपालन विभाग द्वारा गर्मी तथा लू के प्रकोप से गौशालाओं में संधारित गौवंश को बचाने के लिए विभाग की ओर से विस्तृत एडवाइजरी जारी की गई है, जिसमें विशेष रूप से पशुओं के लिए स्वच्छ जल की व्यवस्था किए जाने हेतु निर्देश जारी किए गए हैं। गौरतलब है कि प्रदेश में संचालित गौशालाओं में संधारित गौवंश के संरक्षण के लिए राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं और इनके संचालन के लिए इन्हें अनुदान भी दिया जाता है। इन गौशालाओं का संचालन स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा दानदाताओं, भामाशाहों और जनसहयोग के माध्यम से किया जाता है।

गौशालाओं के उचित रख रखाव और गौवंशों की देखभाल के लिए गोपालन विभाग द्वारा समय-समय पर एडवाइजरी जारी की जाती है। गोपालन विभाग की निदेशक डॉ. शालिनी शर्मा ने बताया कि बदलते हुए मौसम में हर बार गौशालाओं को इस तरह के दिशा निर्देश जारी किए जाते हैं। अभी गर्मी के मौसम में बढ़ते हुए तापमान और संभावित लू के प्रकोप से गौवंश को बचाने के लिए मूलभूत आवश्यकताओं की जिसमें गौवंश के लिए पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी, चारा, भूसा एवं अन्य पशु आहार, गौवंश को ताप एवं लू से बचाने के लिए छाया आदि की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश गौशालाओं को जारी किए गए हैं। साथ ही उन्हें बीमार, अशक्त एवं गर्भवती गौवंश की उचित देखभाल एवं आवश्यकता पड़ने पर चिकित्सकीय उपचार की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि मृत गौवंश के शव का निस्तारण यथाशीघ्र सुरक्षित एवं सम्मानजनक तरीके से किया जाना अत्यंत आवश्यक है जिससे गर्मी के कारण बीमारी का खतरा न हो इसके लिए भी गौशालाओं को लिखा गया है।

## जयपुर में घर में मिला सब इंस्पेक्टर का शव

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** जयपुर में खुद के घर में ही शुक्रवार रात एक सब इंस्पेक्टर का शव मिला। मकान अंदर से लॉक था।

नौकरानी ने खिड़की से झांक कर देखा तो सब इंस्पेक्टर बाथ रूम में गिरे दिखाई दिए। सूचना मिलने पर कालवाड़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और एफएसएल टीम की मदद से सबूत जुटाए।

पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को कांवटिया हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में भिजवाया। एसएचओ (कालवाड़) महावीर यादव ने बताया- राजस्थान पुलिस में सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र यादव (50) की उनके ही घर में लाश मिली है। वह सुशांत सिटी में पत्नी और बच्चों के साथ रहते थे। एसआई

धर्मेंद्र यादव पुलिस मुख्यालय की सीआईडी शाखा में तैनात थे। पिछले दो दिनों से उनकी तबीयत खराब थी।

उनकी पत्नी और बच्चे घर में शादी होने के कारण बीकानेर गए हुए थे। थे।

## कबाड़ बेचकर रेलवे ने कमाए 28 करोड़

टारगेट से 15 फीसदी ज्यादा; स्क्रेप हटने से बढ़ी स्वच्छता

खबरों की दुनिया

**अजमेर।** रेलवे द्वारा रेल परिसरों में अनुपयोगी तथा व्यर्थ पडे कबाड़ (स्क्रेप) से इस साल 27.80 करोड़ रूपए कमाए है। यह उत्तर-पश्चिम रेलवे मुख्यालय द्वारा दिए गए लक्ष्य से 15.83% अधिक है। इससे स्वच्छता भी बढ़ने का दावा किया गया है। रेलवे की ओर से कबाड़ के निस्तारण करने के लिए अनेक कार्य किए जा रहे है, जिससे इनके हटने से सुरक्षा में वृद्धि होने के साथ-साथ परिसरों में स्वच्छता को भी सुनिश्चित किया जा सकें। कबाड़ निस्तारण के लिए भंडार विभाग द्वारा रेलवे स्टेशनों, रेलखण्ड, डिपो, वर्कशॉप, शेड, तथा रेलवे परिसरों को कबाड़ मुक्त करने के लिए विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में अनुपयोगी तथा व्यर्थ पड़े कबाड (स्क्रेप) को बेचकर 27.80 करोड़ रूपए की आय का अर्जन किया है।

## राज्य की सभी लोकसभा सीटों पर पार्टी की जीत निश्चितः सीपी जोशी

खबरों की दुनिया

**चित्तौड़गढ़।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी ने दावा किया कि प्रदेश की सभी 25 सीटों पर भाजपा की जीत होगी व नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी शुक्रवार को दूसरे चरण का मतदान संपन्न होने के बाद शनिवार को चुनाव कार्यालय पर पार्टी के पदाधिकारियो और कार्यकर्ताओं से मिले। इसके बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि राजस्थान की जनता ने एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी पर विश्वास व्यक्त किया है। उन्होंने इसके लिए प्रदेश की जनता का आभार जताया। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में प्रदेश में कम मतदान हुआ, इसका प्रमुख कारण कांग्रेस के प्रति आमजन की उदासीनता रही।

उन्होंने कहा कि दूसरे चरण में मतदाताओं ने उत्साह के साथ मतदान किया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि किसी सेना का सेनापति अगर मैदान छोड़ कर भाग जाए तो उस सेना का क्या होगा।

# राजस्थान के सभी 25 लोकसभा क्षेत्रों में कुल 62.10 प्रतिशत मतदान

8 लोकसभा क्षेत्रों में महिलाओं का मतदान प्रतिशत पुरूषों से अधिक

बाड़मेर, कोटा और बांसवाड़ा में वर्ष 2019 के मुकाबले मतदान में वृद्धि



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** लोकसभा आम चुनाव-2024 के तहत राजस्थान के सभी 25 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 62.10 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। ईवीएम के माध्यम से 61.53 प्रतिशत और पोस्टल बैलेट के माध्यम से 0.57 प्रतिशत मतदान हुआ है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि राज्य में वर्ष 2019 के लोकसभा आम चुनाव में 66.34 प्रतिशत मतदान हुआ था। लोकसभा आम चुनाव-2024 में वर्ष 2019 के मुकाबले 3 लोकसभा क्षेत्रों बाड़मेर, कोटा और बांसवाड़ा के मतदान प्रतिशत में वृद्धि दर्ज हुई है। इस वर्ष बाड़मेर लोकसभा क्षेत्र में सर्वाधिक और करौली-धौलपुर लोकसभा क्षेत्र में सबसे कम मतदान हुआ है।

गुप्ता ने बताया कि 8 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र ऐसे हैं, जहां महिलाओं ने पुरूषों के मुकाबले अधिक मतदान किया है। इसमें द्वितीय चरण वाले 5 और प्रथम चरण वाले 3 लोकसभा क्षेत्र शामिल हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि द्वितीय चरण के तहत राज्य के 13 लोकसभा क्षेत्रों में 26 अप्रैल को हुए मतदान के दौरान 65.52 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। ईवीएम के माध्यम से 65.03 प्रतिशत और पोस्टल बैलेट के माध्यम से 0.49 फीसदी मतदान हुआ है। बागीदौरा विधानसभा क्षेत्र के लिए हुए उपचुनाव में 77.50 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है।

राज्य में प्रथम चरण के तहत 12 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 19 अप्रैल को हुए मतदान के दौरान कुल 58.28 प्रतिशत मतदान हुआ था। इसमें पोस्टल बैलेट के माध्यम से हुआ 0.64 प्रतिशत मतदान भी शामिल हैं।

## 65.52 फीसदी रहा

दूसरे चरण में मतदाताओं का मतदान प्रतिशत

### महिला (पुरूष) मतदाताओं का प्रतिशत

| | |
|---|---|
| चूरू: | 63.71 (63.51) |
| झुंझनूं: | 54.03 (51.92) |
| सीकर: | 58.92 (56.26) |
| पाली: | 57.25 (57.13) |
| जालोर: | 63.35 (62.48) |
| उदयपुर: | 68.01 (65.36) |
| बांसवाड़ा: | 75.75 (72.05) |
| राजसमंद: | 59.18 (57.63) |



### निर्वाचन क्षेत्रवार वर्ष 2024 और (वर्ष 2019) का मतदान प्रतिशत

| द्वितीय चरण | प्रथम चरण |
|---|---|
| टोंक-सवाई माधोपुर: 57.13 (63.44 ) | गंगानगर : 67.23 (74.77) |
| अजमेर: 60.16 (67.32 ) | बीकानेर : 54.58 (59.43) |
| पाली: 57.75 (62.98 ) | चूरू : 64.24 (65.90) |
| जोधपुर: 64.86 (68.89 ) | झुंझुनूं : 53.65 (62.11) |
| बाड़मेर: 76.5 (73.3 ) | सीकर : 58.46 (65.18) |
| जालोर: 63.17 (65.74 ) | जयपुर ग्रामीण : 57.67 (65.54) |
| उदयपुर: 67.18 (70.32 ) | जयपुर : 64.01 (68.48) |
| बांसवाड़ा: 74.41 (72.9 ) | अलवर : 60.62 (67.17) |
| चित्तौड़गढ़: 69.09 (72.39 ) | भरतपुर : 53.44 (59.11) |
| राजसमंद: 58.84 (64.87 ) | करौली-धौलपुर : 50.04 (55.18) |
| भीलवाड़ा: 60.74 (65.64 ) | दौसा : 56.41 (61.50) |
| कोटा: 71.86 (70.22 ) | नागौर : 57.62 (62.32) |
| झालावाड़-बारां: 70.02 (71.96 ) | |

## सफल लोकसभा चुनाव के बाद कार्यकर्ताओं से मिलीं वसुंधरा राजे



### महिलाओं में दिखा पूर्व सीएम के साथ सेल्फी लेने का क्रेज

खबरों की दुनिया

**झालावाड़।** बारां लोकसभा सीट पर मतदान समाप्त होने के बाद शनिवार को राजनीतिक दलों के नेता व कार्यकर्ता रिलैक्स मूड में नजर आए। यहां के एक निजी होटल में ठहरीं पूर्व सीएम वसुंधरा राजे से मिलने कार्यकर्ताओं की भीड़ नजर आई। कई कार्यकर्ताओं ने राजे के साथ सेल्फी ली। हालांकि महिलाओं में सेल्फी लेने का क्रेज ज्यादा नजर आया। इस दौरान महिला कार्यकर्ताओं ने राजे को भगवान राम की प्रतिमा भेंट की। दरअसल पूर्व सीएम वसुंधरा राजे पूरे लोकसभा चुनाव के दौरान उनके बेटे दुष्यंत सिंह के चुनावी कैम्पियन में काफी व्यस्त रहीं। मतदान के आखिरी दिनों में उन्होंने पिड़ावा, रटलाई, छबड़ा, चोमेला जैसे क्षेत्रों में धुआंधार प्रचार कर भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में रैलियां की थीं। इस दौरान परिसर में उनके बेटे तथा भाजपा प्रत्याशी दुष्यंत सिंह भी मौजूद रहे। इस दौरान दोनों ने शुक्रवार को हुए मतदान को लेकर कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से विस्तृत फीडबैक लिया. भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने वसुंधरा राजे से मिलकर क्षेत्र के कई अन्य मुद्दों को लेकर बातचीत की। बातचीत के दौरान खानपुर के पूर्व विधायक नरेंद्र नागर, मनोहरथाना विधायक गोविंद रानीपुरिया, डग विधायक कालूराम मेघवाल सहित अंता विधायक कंवरलाल मीणा भी मौजूद रहे।

## 1 मई से मनरेगा के समय में परिवर्तन

**जयपुर (खबरों की दुनिया)।** राजस्थान सरकार ने प्रदेश में गर्मी के प्रकोप को देखते हुए महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के कार्य समय में एक मई से परिवर्तन कर ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी राहत दी है। ईजीएस आयुक्त शिवांगी स्वर्णकार की ओर से जारी आदेश में राज्य सरकार के मनरेगा कार्यसमय सुबह छह बजे से दोपहर एक बजे तक किया गया है। यह आदेश एक मई 2024 से प्रभावी होकर 15 जुलाई 2024 तक प्रभावी रहेंगे। इसके बाद सम्बंधित जिलाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र की परिस्थितियों के अनुसार निर्णय लेंगे।





नेशनल बोर्ड आफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंस द्वारा फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित

# नई शिक्षा नीति के आलोक में शिक्षण रुचिकर बनेः राज्यपाल मिश्र

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि फैकल्टी डेवलपमेंट के अंतर्गत शिक्षण की बोझिलता को दूर करने के लिए कार्य किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा शिक्षा में जो नवीनतम परिवर्तन हो रहे हैं, उनको सम्मिलित करते हुए नई शिक्षा नीति के आलोक में शिक्षण को प्रभावी किया जाए।

> राज्यपाल ने कहा- शिक्षण को प्रभावी किए जाने में फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम महत्वपूर्ण ....

मिश्र शनिवार को महात्मा गांधी चिकित्सा विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय में नेशनल बोर्ड आफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंस द्वारा आयोजित फैकल्टी डवलपमेंट प्रोग्राम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संकाय विकास कार्यम का उद्देश्य शिक्षकों को केवल पढ़ाना नहीं, बल्कि उन्हें समय–संदर्भों से जोड़ते हुए शिक्षण को रुचिकर बनाना भी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सीखना और सीखाना सतत प्रयिा है। ऐसे कार्यमों के जरिए यह प्रयास किया जाए कि शिक्षण विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार कर सके। उन्होंने कहा कि सक्षम और प्रभावी शिक्षक ही विद्यार्थियों को भविष्य की नई दिशा प्रदान कर सकता है।

मिश्र ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अन्य तकनीक का समावेश करते हुए चिकित्सा प्रशासन, शोधकर्ता की भूमिका आदि से जुड़े कौशल विकसित करने की ओर भी ध्यान दिया जाए। उन्होंने देश की नई शिक्षा नीति के आलोक में भी 'फैकल्टी डेवलपमेंट' को अद्यतन किए जाने पर जोर दिया।

राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा वही सार्थक है जिसमें नएपन पर जोर हो। शैक्षिक नवाचारों को जितना अधिक हम अपनाएंगे उतना ही हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के रास्ते खुलते चले जाएंगे।

उन्होंने कहा कि ज्ञानार्जन के साथ-साथ शिक्षा जनोपयोगी तभी बनेगी, जब युगीन संदर्भों का समावेश करते हुए उसमें नवाचारों को अपनाया जाए। इससे पहले राज्यपाल ने उपस्थितजनों को संविधान की उद्देशिका का वाचन करवाया और मूल कर्तव्य पढ़कर सुनाए। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर संकाय विकास कार्यम का शुभारंभ किया। इससे पहले नेशनल बोर्ड आफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंस के अध्यक्ष डॉ. अभिजीत सेठ ने इस कार्यम की उपादेयता के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उपाध्यक्ष डॉ. सी. मल्लिकार्जुन ने संकाय विकास के लिए राज्यवार किए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में बताया। उपाध्यक्ष डॉ. शिवकांत मिश्र ने सभी का आभार जताया।

## 25 लाख रुपये की रिश्वत मामले में दूदू कलेक्टर के घर छापेमारी

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** राजस्थान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने एक कलेक्टर के घर पर शनिवार को छापामारी की । जमीन हेराफेरी मामले में कथित तौर पर रिश्वत मांगने के आरोप में दूदू जिला राजस्व अधिकारी और एक ग्राम स्तर के राजस्व अधिकारी के आवासों पर छापेमारी की गई है। आरोप है कि कलेक्टर हनुमान मल ढाका और पटवारी हंसराज ने 25 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। ब्यूरो के अधिकारियों ने कहा कि एक शिकायत के आधार पर ये छापेमारी की गई थी।

### 25 लाख के रिश्वत केस में कार्रवाई

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के उप महानिरीक्षक रवि ने एक बयान में कहा कि शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि ढाका और हंसराज ने जमीन हेरफेर मामले में उसके खिलाफ कार्रवाई नहीं करने के लिए 25 लाख रुपये की रिश्वत की मांग की थी। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता के पास 204 बीघे जमीन है।

## जनता गर्ल्स सीनियर सैकण्डरी स्कूल की छात्राओं ने 'पृथ्वी दिवस' मनाया



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** झोटवाड़ा स्थित जनता गर्ल्स सीनियर सैकण्डरी स्कूल ने पृथ्वी दिवस पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया। छात्राओं ने स्कूल प्रागंण में उपनिदेशिका मीनू भारतीय की अगुवाई में नये-नये पौधे लगाए तथा अपने चारो ओर हरियाली फैलाने का सन्देश दिया। प्राचार्य सुनीता खण्डेलवाल ने आगन्तुक मेहमानों को पौधे भेट किये। संस्था के निदेशक डॉ.एल.सी. भारतीय ने पृथ्वी को प्रदुषण से बचाने तथा खुले में श्वास लेने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने का सन्देश दिया।





## शाहपुरा में टैंकरों से होगी पेयजल आपूर्ति

### पेयजल समस्या के निराकरण के लिए ग्रामीणों ने अधिशासी अधिकारी से की मुलाकात

खबरों की दुनिया

**शाहपुरा।** शाहपुरा क्षेत्र में पेयजल समस्या के निराकरण के लिए शनिवार को भाजपा नेता उपेन यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ता और ग्रामीण जलदाय विभाग के अधिशासी अधिकारी से मिले। उन्होंने शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में पेयजल समस्या की स्थिति से अवगत कराया और चर्चा करते हुए समस्या के निराकरण करवाने की बात कही।

इस पर अधिशाषी अधिकारी ने बताया कि क्षेत्र में सभी ग्रामीणों को पर्याप्त मात्रा में पेयजलापूर्ति हो इसके लिए विभाग मुस्तैद है और लगातार कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए शाहपुरा, मनोहरपुर, उदावाला, कल्याणपुरा, मिश्रवास, लोचू का बास, देवन, कांट, नायन, अमरसर हनुतपुरा, टोडी, भीखावाला, पीपलोद, बिदारा, राजपुरा, नीठारा समेत अन्य गांवों में सोमवार से टैंकरों से पेयजलापूर्ति की व्यवस्था शुरू की जाएगी। इस दौरान कई ग्रामीण मौजूद रहे।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक अजय भारतीय के लिए **आकाशदीप प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिशर्स**, सेक्टर11, अग्रवाल फार्म जयपुर से मुद्रित एवं सिविल लाइन रोड़, तालकटोरा चौराहा, टोंक से प्रकाशित। **सम्पादक :** बाबूलाल शर्मा 9414045027, 244427 **प्रधान कार्यालयः** मानसरोवर जयपुर फोनः 9829061123